उज्जैन
मंगलवार
24
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-139
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



आलाया एफ का नया फिटनेस चैलेंज 97 दिनों तक दिन में दो वर्कआउट और नो अल्कोहल का संकल्प



# कोलंबिया में वायुसेना का विमान क्रैश

## 34 की मौत, 114 कोलंबियाई सैनिक और 11 क्रू मेंबर सवार थे, टेकऑफ के बाद 1.5किमी दूर गिरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बोगोटा

कोलंबिया में सोमवार को एयरफोर्स का हरक्यूलिस सी-130 विमान टेक-ऑफ के दौरान क्रैश हो गया। हादसे में अब तक 34 सैनिकों की मौत हो गई है। वहीं, 70 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

द गार्डियन के मुताबिक, कोलंबियाई वायु सेना के प्रमुख मेजर जनरल कार्लोस फर्नांडो सिल्वा ने बताया कि विमान में 114 सैनिक और 11 क्रू मेंबर सवार थे। यह हादसा पेरू सीमा के पास दक्षिणी अमेजन क्षेत्र के प्यूर्टो लेगुइजामो में हुआ। रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने बताया कि विमान रनवे से करीब 1.5 किलोमीटर दूर जाकर गिरा।



### कोलंबियाई राष्ट्रपति ने हादसे पर दुःख जताया

- कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सैन्य विमान हादसे पर दुःख जताया है। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर हादसा है और उम्मीद जताई कि इसमें किसी की जान न गई हो।
- पेट्रो ने कहा कि ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए थी और जवानों की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार सेना को मजबूत बनाने और बेहतर सुविधाएं देने पर काम कर रही है, ताकि आगे ऐसे हादसे न हों।
- पेट्रो ने कहा कि सेना के हथियार और संसाधनों को आधुनिक बनाने का फैसला पहले ही लिया जा चुका है, लेकिन प्रशासनिक देरी के कारण इसे लागू नहीं किया जा सका।

## ईरान जंग पर मोदी बोले- असर लंबा रह सकता है हमें तैयार रहना होगा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जंग के हालातों पर पीएम मोदी ने पहली बार सार्वजनिक बयान दिया। लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच में उन्होंने कहा कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हमें एकजुट रहना होगा। पीएम ने कहा- हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। अब हमें फिर से उसी तरह तैयार रहने की आवश्यकता है। धैर्य के साथ, संयम के साथ, शांत मन से हमें हर चुनौती का मुकाबला करना है। यही हमारी पहचान है, यही हमारी ताकत है।



## ईरान बोला- मुआवजा मिलने तक जंग जारी रहेगी, सभी आर्थिक प्रतिबंध हटाने की मांग

**तेल अवीव।** ईरान ने कहा है कि वह मौजूदा संघर्ष में पीछे हटने वाला नहीं है और जब तक उसे हुए नुकसान की भरपाई नहीं मिलती, तब तक जंग जारी रहेगी। ईरानी सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई के वरिष्ठ सैन्य सलाहकार मोहसिन रजेई ने कहा कि ईरान की शर्तें स्पष्ट हैं, सभी आर्थिक प्रतिबंध हटाए जाएं और अमेरिका की ओर से भविष्य में किसी भी तरह की दखलंदाजी न करने की ठोस गारंटी दी जाए। रजाई ने टीवी पर जारी अपने बयान में कहा कि ईरानी सेना पूरी ताकत से ऑपरेशन चला रही है और देश का नेतृत्व नए सुप्रीम लीडर के तहत मजबूती से स्थिति संभाल रहा है। इससे पहले ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ भी कह चुके हैं कि देश के लोग हमलावरों को पूरी सजा देने की मांग कर रहे हैं।

## मुझे मारना है तो एके47 से 200 गोलियां चलानी होंगी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में डासना मंदिर के प्रमुख और श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी आतंकी संगठनों के निशाने पर हैं। 12 मार्च को गाजियाबाद की मसूरी पुलिस ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े सावेज उर्फ जिहादी समेत 6 लोगों को अरेस्ट किया। वॉट्सऐप चैट और पूछताछ से पता चला है कि यति नरसिंहानंद गिरी आतंकियों की हिट लिस्ट में हैं। महामंडलेश्वर खुद भी मानते हैं कि उनकी जान को खतरा है। उन्होंने कहा, मैं तो लगातार निशाने पर हूं ही, पूर्व में भी मंदिर के बाहर से संदिग्ध लोग पकड़े गए। मैं सच बोलता हूं और जो कुरान में लिखा है, वही बोलता हूं। इसलिए मुझे जान का खतरा है।



## 2029 चुनाव से पहले लागू होगा 33 प्रतिशत महिला आरक्षण

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले महिलाओं के लिए 33% आरक्षण लागू करने की तैयारी में है। इसके लिए संसद के मौजूदा सत्र में दो बिल लाए जा सकते हैं। इसके जरिए महिला आरक्षण लागू करने की मौजूदा शर्त में बदलाव किया जाएगा। इससे लोकसभा में सदस्यों की संख्या 543 से बढ़कर 816 हो सकती है। इनमें महिला सांसदों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या 273 हो जाएगी। गृहमंत्री अमित शाह ने इस पर सहमति बनाने के लिए सोमवार को एनडीए और गैर-कांग्रेसी विपक्षी दलों के नेताओं के साथ बैठक की। सहमति बनने पर बिल इसी हफ्ते पेश किए जा सकते हैं। दरअसल, 2023 में महिला आरक्षण कानून संविधान के 106वें संशोधन के रूप में पास हुआ था।

## सीसीटीवी कैमरों से वीडियो फुटेज पाकिस्तान जा रहे थे

### देशभर में सभी नेटवर्क की जांच होगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली से सटे गाजियाबाद में पाकिस्तान से जुड़े जासूसी रैकेट के खुलासे के बाद सीसीटीवी सिस्टम की सुरक्षा पर सवाल उठे हैं। जांच में सामने आया कि संवेदनशील जगहों पर लगाए गए कैमरों का लाइव फुटेज सीमा पार पाकिस्तान भेजा जा रहा था। इसके बाद केंद्र सरकार ने देशभर में सीसीटीवी नेटवर्क की जांच का फैसला लिया है। सूत्रों के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने आईबी और दूसरी एजेंसियों के साथ मिलकर देशभर के सीसीटीवी नेटवर्क का ऑडिट शुरू करने की तैयारी में है। वहीं, 1 अप्रैल से सिर्फ हैकिंगप्रूफ कैमरे ही बिकेंगे, जो सरकारी सुरक्षा जांच पास करेंगे। भारत में 80% कैमरे चीन के हैं, जिनसे डेटा चोरी का खतरा बना रहता है।

## बेकाबू कैंटर ने 7 लोगों को रौंदा

### जीजा-साले समेत 3 की मौत, सड़क पर बिखरीं लाशें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ झज्जर

हरियाणा के झज्जर में सोमवार की दोपहर एक कैंटर ने सात लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में जीजा-साले समेत 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा तेज रफ्तार की वजह से हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे की शुरूआत मामा चौक से हुई। पहले टैंकर ड्राइवर ने सड़क पार कर रहे दो युवकों को कुचला। इसके बाद भी ड्राइवर नहीं रुका और तेज गति से सेक्टर-9 की तरफ कैंटर दौड़ा दिया। इसी भागमभागम में कई और लोगों को भी चपेट में ले लिया।



इनमें एक और बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि चपेट में आकर ऑटो सवार महिला समेत चार घायल हो गए। इसके बाद बेकाबू कैंटर फ्लाईओवर के दो पिलर के बीच फंस कर रुक गया तो ड्राइवर कूदकर कर फरार हो गया।

### कुपोषण रोकने की कवायद लेकिन

## आहार आपूर्ति में ठेकेदारों की एंट्री कराने के लिए जोर




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी कुपोषण रोकने की कवायद तो की जा रही है लेकिन पोषण आहार आपूर्ति के मामले में नई जानकारी सामने आई है और वह यह है कि एक बार फिर पोषण आहार आपूर्ति में ठेकेदारों की एंट्री करवाने के लिए महिला बाल विकास विभाग एड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए है।

भोपाल सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य सचिव अनुराग जैन ने ठेकेदारों की नीति से इनकार किया तो अब मामला मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष भेजा जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों में छह वर्ष तक के बच्चों के साथ किशोरी बालिका, गर्भवती और धात्री माताओं को दिया जाने वाला टेक होम राशन का पोषाहार ठेकेदार तैयार करेंगे या स्व-सहायता समूह, मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव तय करेंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत आने वाले आजीविका मिशन के महिला स्व-सहायता समूह के महासंघ अभी सात पोषाहार संयंत्रों में इसे तैयार करते हैं। आपूर्ति में विलंब, वित्तीय हानि आदि को देखते हुए व्यवस्था को फिर से महिला एवं बाल विकास विभाग को देने की तैयारी है, जो ठेकेदारों के माध्यम से पोषाहार तैयार कराएगा। इसका प्रस्ताव बन चुका है पर मुख्य सचिव अनुराग जैन ने इसे यह कहकर लौटा दिया कि हाई कोर्ट ने जो व्यवस्था दी थी, उसके आधार बताए जाएं।

### ईरान के समर्थन में कश्मीर से उमड़ा जनसैलाब

## सोना-चांदी और नकदी दान किए



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में ईरान में चल रहे युद्ध से प्रभावित लोगों के समर्थन में बड़ी संख्या में लोग आगे आए हैं। सोमवार को लगातार दूसरे दिन कश्मीर के कई इलाकों में लोगों ने बढ़-चढ़कर नकदी, सोना-चांदी के आभूषण, तांबे के बर्तन और अन्य कीमती सामान दान कर मानवीय संवेदना और एकजुटता का परिचय दिया। इस पहल में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों तक ने हिस्सा लिया, जिससे यह अभियान और अधिक प्रभावशाली बन गया।

अधिकारियों के अनुसार श्रीनगर के जदीबल, हसनाबाद, शालीमार, कमरवारी, लावेपोरा और बेमिना जैसे क्षेत्रों में दान शिविर लगाए गए, जहां लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। इसके अलावा बडगाम, बांदीपोरा और बारामूला जिलों में भी इसी तरह के अभियान चलाए गए। खास बात यह रही कि इस अभियान में केवल शिया समुदाय ही नहीं, बल्कि सुन्नी समुदाय के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। दान के रूप में लोगों ने नकदी, सोने-चांदी के गहने, तांबे के बर्तन और घरेलू उपयोग की अन्य वस्तुएं दीं। महिलाओं ने विशेष रूप से उदारता दिखाते हुए अपने कीमती आभूषण तक दान कर दिए। एक भावुक उदाहरण में एक महिला ने अपने दिवंगत पति की याद में संजोकर रखा सोना भी दान कर दिया, जो इस अभियान की संवेदनशीलता को दर्शाता है।



## खबर एक नजर...

### अड़ीबाजी करने वाला हिस्ट्रीशिटर बदमाश पकड़ाया

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम डेलची-कपेली मार्ग चाक्या फंटा पर 20 मार्च को ग्राम कपेली में रहने वाले मोहन पिता नानूराम योगी का रास्ता रोक आदतन बदमाश देवकरण पिता भगवानसिंह गुर्जर निवासी उमराझर ने अड़ीबाजी करते हुए शराब के रुपए मांगे थे। मोहन के मना करने पर लाठी से हमला कर जान से मारने की धमकी दी थी। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि मामले में अवैध वसूली और मारपीट करने का प्रकरण दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू की थी। जिसे सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी आदतन बदमाश है। जिसके खिलाफ बाउंड ओव्हर की कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया। बदमाश के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई भी की जायेगी।

### कोट मोहल्ला में 2 युवकों के बीच हुआ विवाद

**उज्जैन।** कोट मोहल्ला गली नम्बर 4 में रहने वाले परवेज पिता हैदर खान 24 साल और राशिद पिता साजिद हुसैन 23 साल के बीच मामूली बात पर विवाद हो गया। दोनों के बीच गाली-गलौच शुरू हुई और मामला मारपीट में बदल गया। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया, दोनों ने एक दूसरे को जान से मारने की धमकी दी। मामला महाकाल थाने पहुंचने पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### मोबाइल वापस मांगा तो चाकू से कर दिया हमला

**उज्जैन।** मक्सीरोड पर रविवार-सोमवार रात युवक को दोस्त से मोबाइल वापस मांगना महंगा पड़ गया। दोस्त ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने हमला करने वाले के खिलाफ प्राणघातक हमले का प्रकरण दर्ज किया है। पंवासा थाना क्षेत्र के मक्सीरोड चौराहा पर रात में सेंट थॉमस स्कूल के पास रहने वाले रोहित पिता राजेश बैरागी 26 साल पर एक युवक ने चाकू से हमला कर दिया। घटनास्थल के पास ही रोहित का भाई दीपक पंचर की दुकान लगाता है। दीपक को खबर मिली कि रोहित पर चाकू से हमला हुआ है तो वह मौके पर पहुंचा और घायल भाई को अस्पताल पहुंचाया। चाकूबाजी की सूचना मिलने पर पंवासा थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची। घायल के भाई दीपक की शिकायत पर मामले में धारा 109 (1), 296 (ए) का प्रकरण दर्ज किया गया। घायल के बयान दर्ज करने पर सामने आया कि उस पर चाकू से हमला अजय उर्फ अप्पी ने किया है। जो बापूनगर का रहने वाला है, अजय उसका दोस्त है। उसने कुछ दिन पहले मोबाइल चलाने के लिये लिया था, रात में वह मक्सीरोड आया था, उससे मोबाइल मांगा तो विवाद करने लगा। उसे विवाद से रोकने का प्रयास किया तो चाकू मार दिये। थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई के अनुसार आरोपी की तलाश में एक टीम बापूनगर भेजी गई थी, लेकिन सामने आया कि वह घूमक्कड़ प्रवृति का है और शराब पीने का आदी है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

### बैतूल से पकड़ाया मादक पदार्थ मामले में फरार आरोपी

**उज्जैन।** मादक पदार्थ मामले में 5 माह से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने बैतूल में दबिश देकर गिरफ्तार किया। रविवार रात उज्जैन लाने पर उसे सोमवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया। आरोपी के 3 साथी पूर्व में पकड़े जा चुके थे। नीलगंगा थाना पुलिस ने अक्टूबर माह में सांवराखेड़ी मार्ग से बैतूल के रहने वाले शिवा हजारे, शुभम भगत और शुभम दभांडे को गिरफ्तार किया था, जिनके पास से 37 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई थी। तीनों ने पूछताछ में ड्रग्स बैतूल के विनोभा नगर में रहने वाले दीपक उर्फ लाल हिरानी द्वारा उपलब्ध करना कबूल किया था। पुलिस ने दीपक को भी आरोपी बनाकर तलाश शुरू की थी। लेकिन वह फरार चल रहा था, शनिवार रात पुलिस को उसके बैतूल में होने की पुख्ता खबर मिलने पर एसआई यादवेन्द्र परिहार, प्रधान आरक्षक मंगल टेगौर और देवेन्द्र बुंदेला की टीम बैतूल रवाना हुई। जहां पहुंचकर विनोभा नगर में दबिश दी गई, फरार आरोपी दीपक गिरफ्त में आ गया। जिसे रविवार रात उज्जैन लाया गया। सोमवार को कोर्ट में पेश किया, लेकिन न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश जारी होने पर उसे केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है।

# सिंहस्थ कार्यों में देरी से नाराज मेला अधिकारी

## ठेकेदार पर 5 लाख की पेनल्टी लगाई, अब निरीक्षण करने रोज 10 बजे निकलेंगे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन के संभागायुक्त और मेला अधिकारी आशीष सिंह अब प्रतिदिन सुबह 10 बजे से सिंहस्थ निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेंगे। पहले ही दिन सोमवार को निरीक्षण के दौरान निमार्णाधीन दताना से पाइप फैक्ट्री तक फोरलेन मार्ग का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कार्य की गति धीमी होने और निर्माण सामग्री की परीक्षण प्रयोगशाला में कैलिब्रेशन सर्टिफिकेट उपलब्ध नहीं होने पर सिंह ने निर्माण कार्य करने वाले संबंधित ठेकेदार पर 5 लाख रुपए की पेनल्टी लगा दी।

मेला अधिकारी आशीष सिंह ने सिंहस्थ के तहत दताना से पाइप फैक्ट्री तक कुल 8.8 किलोमीटर तक निमार्णाधीन फोरलेन मार्ग के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।



सिंह ने निर्माण कार्य में उपयोग की जाने वाली सामग्री की परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। परीक्षण प्रयोगशाला में निर्माण एजेंसी द्वारा कैलिब्रेशन सर्टिफिकेट (अंशांकन प्रमाण पत्र) उपलब्ध नहीं होने पर नाराजगी जताई।

### कम मजदूर होने पर दिखाई नाराजगी

मार्ग निर्माण के दौरान दताना क्षेत्र में मजदूरों की संख्या कम होने से कार्य की धीमी गति को लेकर भी आशीष सिंह नाराज दिखे। उन्होंने निर्माण कार्य करने वाली संबंधित एजेंसी बिंदल कॉन्ट्रैक्टर एंड डेवलपर्स पर 5 लाख रुपये की पेनल्टी लगाने के निर्देश पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण यंत्री गणेश पटेल को दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि फोरलेन निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली सामग्री की टेस्टिंग रिपोर्ट प्रतिदिन अपडेट की जाए। निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता के साथ समय-सीमा का पूर्ण ध्यान रखा जाए। मेला अधिकारी सिंह ने हामूखेड़ी में मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर संबंधित निर्माण कार्य करने वाली एजेंसी द्वारा जानकारी दी गई कि हामूखेड़ी मार्ग के 900 मीटर के चौड़ीकरण में मार्ग के दोनों ओर 200 मीटर तक सीवेज लाइन और पानी की पाइपलाइन का कार्य पूर्ण हो चुका है। यहां पर पानी की पाइपलाइन से नल कनेक्शन भी दिए गए हैं।

### सड़क का 1 किमी हिस्सा वर्षा से पहले पूर्ण करें

मेला अधिकारी सिंह ने नानाखेड़ा गेल चौराहे से नीलगंगा चौराहे तक 2700 मीटर निमार्णाधीन मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि चौड़ीकरण कार्य तेजी से किया जा रहा है। वर्षा ऋतु प्रारंभ होने तक 1150 मीटर तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा है। मार्ग में सीवेज लाइन, नाली निर्माण कार्य, विद्युत पोल लगाने और पेयजल की पाइपलाइन डालने का कार्य प्रगतिरत है। संभागायुक्त सिंह ने निर्देश दिए कि अब तक हुए चौड़ीकरण कार्य के साथ ही आगे होने वाले चौड़ीकरण कार्य की पहले से योजना तैयार कर लें।

# सीजन में पहली बार लोकवन गेहूं 3102 रु. बिका, 20 हजार बोरी आवक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गेहूं सीजन में पहली बार सोमवार को लोकवन टॉप क्वालिटी गेहूं 3102 रुपए में बिका। मंडी में 10 से 12 ट्रॉली लोकवन गेहूं 3000 रुपए तक के भाव में बिका। कुल आवक का 70% गेहूं पानी और ओलों की मार खाया रहा। इस गेहूं के भाव मिल क्वालिटी में 2280 से 2320 रुपए ही मिले। किसानों को इसमें 200 से 300 रुपए प्रति क्विंटल कम भाव मिला।

मंडी में किसानों ने 20 हजार बोरी गेहूं नीलामी में बेचा। करीब 5 करोड़ रुपए की बिक्री हुई। अब रोजाना गेहूं की आवक बढ़ने लगेगी। इस समय मंडी में गेहूं के भाव किसानों को मनपसंद मिल रहे हैं। किसान भी मार्केटिंग मानकर अच्छी क्वालिटी का गेहूं बनाकर ही मंडी में बेचने आ रहे हैं।सरकारी समर्थन दाम पर खरीदी 1 अप्रैल से शुरू होगी। इसके पहले मंडी और खुले बाजार में किसान गेहूं बेच



रहे हैं। किसानों के अनुसार गेहूं की पैदावार 12 से 13 क्विंटल रही। समर्थन दाम पर तय सीमा में गेहूं खरीदा जाएगा। जो शेष रहेगा, वह खुले बाजार या मंडी में ही बेचना पड़ेगा।

महंगे भाव पर लोकवन गेहूं की खरीदी का मुख्य कारण बारिश से फसल का प्रभावित होना बताया गया। पहली और दूसरी कटाई का गेहूं ठीक आने से ऊंचे भाव पर खरीदी हो रही है। इस तरह का गेहूं बेचने पर 3500 से 3600 रुपए प्रति क्विंटल के भाव मिलते हैं। मंडी के गेहूं ब्रोकरेज संजय खंडेलवाल ने बताया गेहूं का सीजन अच्छा चल रहा है। क्वालिटी वाला गेहूं ज्यादा महंगा बिक रहा है। पानी की मार खाया गेहूं कमजोर भाव पर बिक रहा है।

मंडी प्रशासन आवक बढ़ाने के लिए नए-नए प्रयोग करने जा रहा है। 31 मार्च नजदीक होने से मंडी में आवक बढ़ाना जरूरी है। अवकाश रद्द हुआ तो मंडी में उपज ज्यादा बिकेगी। अनुमानित 19 लाख रुपए से अधिक मंडी टैक्स मिलने की खबर रही। आगामी अवकाश रद्द होंगे या रहेंगे, इस पर अभी कोई खुलासा नहीं हो पाया है।

### दताना-पाइप फैक्टरी फोरलेन का निर्माण धीमा

# पांच लाख की पेनल्टी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

देवास रोड के दताना से पाइप फैक्टरी तक के निमार्णाधीन फोरलेन का काम धीमा चलने पर संभागायुक्त सह मेला अधिकारी आशीष सिंह ने ठेकेदार पर पांच लाख रु. की पेनल्टी की कार्रवाई की।

संभागायुक्त सिंह सुबह 8.8 किमी के निमार्णाधीन फोरलेन मार्ग का निरीक्षण करने पहुंचे थे। दताना क्षेत्र में मजदूरों की संख्या कम होने से कार्य की धीमी गति से चलते पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई। संबंधित एजेंसी बिंदल कांट्रेक्टर एंड डेवलपर्स पर पेनल्टी लगाने के निर्देश लोनिवि के अधिकारी गणेश पटेल को दिए। यह भी बोले कि निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले सामग्री की टेस्टिंग रिपोर्ट प्रतिदिन अपडेट की जाएं। निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान रखने को कहा। इसके अलावा सिंह ने हामूखेड़ी में मार्ग चौड़ीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। निर्माण एजेंसी की तरफ से जानकारी दी गई कि हामूखेड़ी मार्ग के 900 मीटर के चौड़ीकरण मार्ग के दोनों ओर 200 मीटर तक सीवेज लाइन और पानी की पाइपलाइन का कार्य पूरा हो चुका है। यहां पेयजल पाइपलाइन से नल कनेक्शन भी दिए हैं। यह भी बोले कि कार्य में गति बढ़ाकर नवंबर तक इसे पूरा करें। उज्जैन-देवास फोरलेन का निर्माण नेशनल हाइवे ने किया था। नेशनल हाइवे ने मार्ग के बाहरी हिस्से का निर्माण करने के बाद शहर से लगे भीतर के 8.8 किमी के भीतर के हिस्से के निर्माण की जिम्मेदारी लोनिवि को सौंप दी थी। इसका भुगतान भी किया। लेकिन लोनिवि उक्त निर्माण को ठीक से पूरा नहीं करवा पा रहा है। कई बार कलेक्टर ने भी बैठकों में उक्त निर्माण जल्द पूरा करने के लिए कहा। बावजूद काम में गति नहीं आ रही है। ऐसे में यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को खासी परेशानी झेलना पड़ रही है। उड़ते धूल के गुबार और असंतुलित सड़क मुश्किलें खड़ी कर रही है। बहरहाल अब संभागायुक्त ने इस निर्माण को जल्द पूरा करवाने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कनाड़ा से आया ई-मेल, कलेक्टर ने अवगत कराया

# दो से तीन दिन में गुरकीरत का शव आने की उम्मीद

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कनाडा में उज्जैन निवासी छात्र गुरकीरत की हत्या के बाद उसके शव के इंतजार में टकटकी लगाए बैठे परिजन को कनाडा सरकार से आए ई-मेल से अब उम्मीद जगी है। केंद्र सरकार को पत्र आया है, जो मप्र सरकार के माध्यम से कलेक्टर रौशनकुमार सिंह ने गुरकीरत के परिजन को इस बारे में सूचित कर अवगत कराया है।

गुरकीरत का शव जल्द ही उज्जैन आ जाएगा, इसके लिए प्रक्रिया पूरी की जा रही है। उम्मीद हैं कि दो से तीन दिन में पार्थिव शरीर यहां भेज दिया जाएगा। इसके बाद परिजन गुरकीरत के अंतिम दर्शन कर विधिविधान से बेटे का अंतिम संस्कार कर सकेंगे। कॉलोनी निवासी अभिलाष जैन ने बताया कि परिजन को



ई-मेल के बारे में कलेक्टर के द्वारा सूचित किया है, सभी को उम्मीद हैं कि दो-तीन दिन में पार्थिव देह यहां आ जाएगी।

**कार चढ़ाकर हत्या की थी-** देवासरोड की पार्श्वनाथ सिटी कॉलोनी निवासी गुरकीरत सिंह मनोचा की 15 मार्च को कनाडा में कुछ युवकों ने मारपीट के बाद कार चढ़ाकर हत्या कर दी। मनोचा नॉर्दन लाइट्स कॉलेज से बिजनेस मैनेजमेंट में पोस्ट डिग्री डिप्लोमा प्रोग्राम का कोर्स कर रहे थे।

### टीएल मीटिंग में कलेक्टर के निर्देश, ई-केवाईसी में लापरवाही पर

# तराना के सीएमओ को नोटिस

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नल-जल योजना के पूर्ण हुए प्रोजेक्ट के हस्तांतरण समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं करने पर एसडीओ राजेश होलकर का एक माह का वेतन कटेगा और नोटिस भी जारी होगा। इसी तरह समग्र ई-केवाईसी अभियान के कार्य में लापरवाही बरतने पर तराना के सीएमओ को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। इन कार्रवाई के लिए सोमवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने टीएल मीटिंग में निर्देश दिए। कलेक्टर कार्यालय सभागृह में आयोजित मीटिंग में कलेक्टर ने इंदौर में हुई आगजनी की घटना पर चिंता व्यक्त की।

ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए एसडीएम, विद्युत मंडल, नगर निगम, नगरीय निकायों और जनपद के अधिकारियों को व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक संस्थानों, होटल, कार्यालयों में फायर सेफ्टी का निरीक्षण कर फायर सेफ्टी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्युत मंडल को ओवरलोडिंग और ईवी चार्जिंग संबंधित आवश्यक जानकारी देकर नागरिकों को जागरूक करने को भी कहा। साथ ही उन्होंने सभी नगरीय निकायों और सभी जनपद सीईओ को समग्र ई-केवाईसी कार्य शत-प्रतिशत दो सप्ताह में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने जिला आपूर्ति नियंत्रक से कहा कि एलपीजी की कालाबाजारी करने वाले और मूल्य से अधिक कीमत पर एलपीजी बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। नल-जल के कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधि को आमंत्रित नहीं करते, अब कार्रवाई शुरू अक्सर जिला पंचायत से जुड़ी बैठकों व सभाओं में जनप्रतिनिधियों की यह शिकायत रहती आई है कि पीएचई का अमला नल-जल योजना के पूर्ण होने पर उसे पंचायत को हस्तांतरण करने के समारोह में उन्हें आमंत्रित तक नहीं करते हैं।

वह भी तब जब समारोह के आयोजकों को वरिष्ठ अधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को बुलाने पर जोर देते रहे हैं। अब ऐसे निदेर्शों की अवहेलना पर कार्रवाई शुरू हो गई हैं। यह उन अधिकारियों के लिए सबक है जो कि आए दिन नल जल योजना हस्तांतरण के समारोह आयोजित करते है, लेकिन सूचना जनप्रतिनिधियों को नहीं देते हैं।

उज्जैन
मंगलवार
24
मार्च, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

क्रोधाद्भवति संमोहः संमोहात्स्मृतिविभ्रमः।
स्मृतिभ्रंशाद् बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति।।

**अर्थः** क्रोध भ्रम पैदा करता है, भ्रम बुद्धि को भ्रष्ट करता है। जब बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है, तो तर्क नष्ट हो जाता है, जब तर्क नष्ट हो जाता है, तो व्यक्ति गिर जाता है। इस गुस्से को जल्द से जल्द दूर करें।

## खबर एक नजर...

### एमबीए छात्र ने 100 की स्पीड में दौड़ाई कार, जैसे ही पेड़ से टकराई, पहिया खुला

**इंदौर।** शहर के तुलसी नगर इलाके में सोमवार रात एक तेज रफ्तार कार ने दहशत फैला दी। शराब के नशे में धुत एक एमबीए के छात्र ने करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से कार दौड़ाई, जो अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि कार का एक पहिया तक निकल गया। लोगों ने बताया, दुर्घटना में युवक के साथ बैठी उसकी गर्लफ्रेंड घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार बेहद तेज गति से आ रही थी और अचानक संतुलन बिगड़ते ही तेज आवाज के साथ पेड़ से टकरा गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि कार की रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी। लसूड़िया थाना प्रभारी टीआई तारेश के सोनी के अनुसार, घटना रात करीब 9 बजे की है। कार चला रहे युवक आर्यन पिता धर्म सिंह बेदी निवासी संस्कृति पैराडाइज, पिगडंबर का निवासी है। वह देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में एमबीए की पढ़ाई कर रहा है।

### गैरेज में आग, 8 कार, 1 रिक्शा और पास की 3 दुकानें जलीं

**इंदौर।** चोइथराम अस्पताल के पास स्थित लेकपार्क कॉलोनी में सोमवार सुबह एक गैरेज में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग से गैरेज के पास की तीन दुकानें भी चपेट में आ गईं। आग में 8 कारें और एक रिक्शा भी जल गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड और राजेंद्र नगर पुलिस पहुंची। करीब 66 हजार लीटर पानी डालकर आग बुझाई गई। फायर ब्रिगेड के सब इंस्पेक्टर संतोष दुबे के अनुसार, घटना चोइथराम अस्पताल के सामने स्थित एक ऑटो डील कंपनी के गैरेज की है। आग लगने के कारण क्षेत्र में काफी धुआं फैल गया, जिससे लोगों में अफरातफरी का माहौल बन गया। पुलिस के अनुसार यहां कारों की रिपेयरिंग के साथ उन्हें बेचने का काम किया जाता है। जिस शेड में आग लगी वह चोइथराम अस्पताल की दीवार से लगा हुआ था। सबसे पहले अस्पताल की तरफ से ही पानी डालकर आग को रोकने का प्रयास किया गया। आग को आसपास के शेड में पहुंचने से फायर टीम ने रोक लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। बताया जाता है कि कलर स्प्रे आर अन्य ज्वलनशील केमिकल के चलते आग फैल गई थी।

### गर्लफ्रेंड ने दरवाजा बंद किया या तो दूसरी मंजिल से गिरा दोस्त, कूदने की आशंका

**इंदौर।** सिंधी कॉलोनी क्षेत्र में सोमवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक युवक प्रेम प्रसंग के चलते एक इमारत की दूसरी मंजिल से गिर गया। लोगों का आरोप है कि उसने छलांग लगा दी। युवक बिल्डिंग के पीछे स्थित बैकलाइन में जाकर गिरा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही जूनी इंदौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लहूलुहान हालत में युवक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। घटना सिंधी कॉलोनी की गली नंबर 4 की है। बताया जा रहा है कि युवक जिस युवती से मिलने के लिए वहां पहुंचा था, वह मूल रूप से खंडवा की निवासी है और यहां किराए से कमरा लेकर रह रही है। युवती शहर के निजी अस्पताल में नौकरी करती है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक और युवती के बीच मोबाइल को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद आवेश में आकर युवक ने दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। जूनी इंदौर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कई मंचों से पुष्प वर्षा कर दी गई श्रद्धांजलि, देशभक्ति के नारों की गूंज

# इंदौर में शहीदों की स्मृति में निकली मशाल यात्रा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शहीद दिवस के अवसर पर शहर का पश्चिम क्षेत्र देशभक्ति के जज्बे से सराबोर नजर आया। क्रांतिकारी भगतसिंह, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु की स्मृति में निकली पारंपरिक मशाल यात्रा इस वर्ष भी भव्यता और उत्साह के साथ आयोजित की गई।

मशाल यात्रा की अगुवाई मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने की, जिसमें हजारों नागरिक शामिल हुए। फूटी कोठी (संत सेवालाल ब्रिज) से प्रारंभ हुई यात्रा महाराणा प्रताप चौक तक पहुंची। हाथों में जलती मशालें, भगवा ध्वज और भारत माता की जय के नारों के बीच शहर की सड़कों पर देशभक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।





यात्रा मार्ग पर कई मंच लगे थे, जहां 50 से अधिक संस्थाओं और कई समाजों ने पुष्पवर्षा कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। महिला, पुरुष, बच्चे, युवा और बुजुर्ग हर आयु वर्ग की भागीदारी ने आयोजन को जनआंदोलन का स्वरूप दे दिया। पूरा मार्ग देशभक्ति गीतों और नारों से गूंजता रहा।

आयोजकों ने कहा कि शहीदों के बलिदान को याद रखना और नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से जोड़ना ही इस मशाल यात्रा का उद्देश्य है। कार्यक्रम के समापन पर शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

# सिंहस्थ की तैयारीः इंदौर-उज्जैन, नागदा-भोपाल के बीच ऑटोमैटिक सिग्नल लगाएगा रेलवे

## इससे ट्रेनों की आवाजाही सुरक्षित होने के साथ समय भी बचेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

सिंहस्थ-2028 को देखते हुए रेलवे ने इंदौर-उज्जैन सहित आसपास के स्टेशनों पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। सबसे अहम यह कि रेलवे अब इंदौर-उज्जैन व नागदा-भोपाल के बीच ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम लगाएगा। इससे ट्रेनों की आवाजाही अधिक सुरक्षित होने के साथ ही समय भी बचेगा।

अभी नागदा से गोधरा सेक्शन पर ऑटोमैटिक सिग्नलिंग का काम चल रहा है, जो लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है। आने वाले समय में रेलवे इंदौर-उज्जैन व नागदा-भोपाल के टेंडर करेगा। टारगेट यही रहेगा कि सिंहस्थ के पहले यह काम पूरा कर लिया जाए।



इसके अलावा इंदौर-उज्जैन के आसपास के स्टेशनों का नवीनीकरण भी होगा। रेलवे नईखेड़ी-चिंतामण गणेश के बीच रेल बायपास लाइन बनाएगा, जिससे ट्रेनों को इंजन की दिशा बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी और संचालन तेज होगा।

**उज्जैन सहित आसपास के इन स्टेशनों को करेंगे अपग्रेड-** उज्जैन विक्रमनगर, चिंतामण, पिंगलेश्वर और नईखेड़ी स्टेशनों का विकास और नवीनीकरण किया जाएगा।

**इंदौर में भी स्टेशन होंगे अपग्रेड, कोचिंग हब की मांग भी उठी-** रेलवे इंदौर स्टेशन का नवनिर्माण कर रहा है। इसके अलावा लक्ष्मीबाईनगर में भी स्टेशन बिल्डिंग का काम चल रहा है। इसके अलावा दो प्लेटफॉर्म भी बढ़ाए जा रहे हैं। वहीं बाणगंगा, राऊ, राजेंद्र नगर, चंद्रावतीगंज और गौतमपुरा स्टेशनों को भी अपग्रेड करने की मांग उठी है। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि सिंहस्थ के दौरान इंदौर पर भी काफी दबाव रहेगा, ऐसे में सभी स्टेशनों का विकास किया जाए। साथ ही इंदौर में कोच मेंटेनेंस के लिए कोचिंग हब बनाने, पिट लाइन को विकसित किया जाए। इसके साथ ही शास्त्री ब्रिज को सिक्स लेन ब्रिज बनाने की मांग की गई। इस सिस्टम में ट्रैक छोटे-छोटे ब्लॉक्स में बंट जाता है, जिससे एक ही लाइन पर ज्यादा ट्रेनें सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए चल सकती हैं।

### आंध्र प्रदेश की घटना के बाद इंदौर में सख्ती

# डेयरियों पर खाद्य विभाग की छानबीन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

आंध्र प्रदेश में मिलावटी और जहरीले दूध से बच्चों की मौत की घटना के बाद इंदौर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। सोमवार को कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने शहर की विभिन्न दूध डेयरियों पर जांच अभियान चलाते हुए छापामार कार्रवाई की। अभियान के तहत अलग-अलग क्षेत्रों में संचालित डेयरियों से दूध और पनीर सहित अन्य दुग्ध उत्पादों के सैंपल लिए गए। इन सैंपलों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। अधिकारियों के अनुसार, रिपोर्ट आने के बाद यदि किसी प्रकार की मिलावट या गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो संबंधित संचालकों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने सोमवार दोपहर बताया कि जिले में दूध डेयरी और दुग्ध उत्पादकों के खिलाफ लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। खाद्य विभाग की टीम ने डेयरियों में स्वच्छता, भंडारण व्यवस्था और लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों की भी जांच की।

# आरटीओ में 15 बम धमाके करने का मेल आया, विभागों को करवाया खाली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

आरटीओ ऑफिस में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब विभाग में 15 बम धमाके करने का धमकीभरा ई-मेल विभाग की मेल आईडी पर आया। इसके बाद पूरे दफ्तर को खाली करवाया गया। मौके पर पुलिस और बम डिस्पोजल की टीम पहुंची। पूरे दफ्तर को स्कैन (चेकिंग) किया गया, लेकिन कुछ नहीं मिला। दोपहर बाद फिर से विभाग में कामकाज शुरू हुआ।

आरटीओ प्रदीप शर्मा के अनुसार रविवार को 10:06 बजे आरटीओ कार्यालय की ई-मेल आई.डी. पर neeraja_gandhi@outlook.com आईडी से मेल आया। इसमें लिखा था कि सोमवार को आपके आरटीओ कार्यालय परिसर में 15 छोटे साइनाइड गैस बम धमाके किए जाएंगे। तमिल मंत्री



सेंथिल बालाजी के खिलाफ सीबीआई केस वापस लें और सभी कर्मचारियों को वहां से हटाएं। मेल में किसी तेलुगु फिल्म के संबंध में भी लिखा गया है। ऑफिस खुलने पर जब स्टाफ ने मेल देखा तो इसकी जानकारी दी।

**पहले भी आ चुके हैं इस तरह के धमकीभरे मेल-** पिछले दिनों संभागायुक्त कार्यालय पर भी इसी तरह का धमकीभरा मेल आया था। इससे पहले एसपी ऑफिस, एयरपोर्ट, ऑइल डिपो, शहर के चार-पांच बड़े स्कूलों को भी इसी तरह के धमकीभरे मेल आए थे। इसके बाद पुलिस और बीडीएस तत्काल मौके पर पहुंचा था और स्कैनिंग की गई, लेकिन कुछ नहीं मिला।

**इस तरह के मामले साइबर टेरर की श्रेणी में-** साइबर एक्सपर्ट्र्स का कहना है कि इस तरह की धमकियां साइबर टेरर की श्रेणी में आती हैं। अपराधी अकसर फर्जी ईमेल आईडी और तकनीकी तरीकों से पहचान छिपाने की कोशिश करते हैं, लेकिन डिजिटल फॉरेंसिक के जरिए उन्हें ट्रैक करना संभव होता है। ईमेल हेडर, सर्वर लॉग और आईपी डिटेल्स की मदद से जांच एजेंसियां आरोपी तक पहुंच जाती हैं। इस तरह की धमकी देना गंभीर अपराध है। इसमें गैरजमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज हो सकता है और दोषी पाए जाने पर जेल के साथ जुमार्ना भी लगाया जाता है।

## खबर एक नजर...

### अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ की वार्षिक आमसभा 5 अप्रैल को

**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ की वार्षिक आमसभा 5 अप्रैल 2026, रविवार को उज्जैन के माधव क्लब मीटिंग हॉल में आयोजित होने जा रही है। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक महंत चूड़ामणि साहब ने उज्जैन पहुंचकर आयोजन स्थल का अवलोकन किया। महंत चूड़ामणि साहब ने प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण मालवीय के साथ कार्यक्रम स्थल की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि आमसभा में अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुंचें, इसके लिए एक प्रभावी रूपरेखा तैयार की जाए। साथ ही, सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को इस वार्षिक आमसभा में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है। इस आमसभा की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चूड़ामणि साहब करेंगे। महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव महंत डॉ. धर्मवीर साहब, पटना, बिहार द्वारा जारी सूचना के अनुसार, आमसभा सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक फ्रीगंज तीन बत्ती चौराहा से रेलवे स्टेशन रोड स्थित माधव क्लब मीटिंग हॉल में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाओं का जिम्मा प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण मालवीय और अन्य पदाधिकारी गण संभाल रहे हैं। आयोजन से संबंधित अधिक जानकारी या संपर्क के लिए सत्यनारायण मालवीय और महंत राधा किशन साहब को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी ने किया महान क्रांतिकारियों का स्मरण

**उज्जैन।** महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के 95वें बलिदान दिवस पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा स्थानीय शहीद पार्क पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल और संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले इन वीर शहीदों को पुष्प वर्षा कर नमन किया गया।

### बर्फ का शिवलिंग और भगवान झूलेलाल का भव्य मंदिर बना आकर्षण का केंद्र

# चेटीचंड महापर्व: ऐतिहासिक सिंधु मेले में उमड़ा जनसैलाब, जतिन उदासी के भजनों पर झूमे श्रद्धालु





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चेटीचंड महापर्व के पावन अवसर पर सिंधु जागृत समाज द्वारा आयोजित भव्य 'सिंधु मेला' इस वर्ष ऐतिहासिक बन गया। हजारों की संख्या में समाजजन और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इस आयोजन को अब तक का सबसे भव्य और यादगार समारोह बना दिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भजन गायक जतिन उदासी रहे। उन्होंने अपने मधुर भजनों और गीतों की शानदार प्रस्तुति दी, जिससे पूरा पांडाल झूम उठा। युवाओं, बुजुर्गों और मातृशक्ति ने भक्ति रस में डूबकर कार्यक्रम का आनंद लिया। मेले में विशेष रूप से बर्फ से निर्मित शिवलिंग की मनमोहक झांकी और भगवान झूलेलाल के भव्य मंदिर का निर्माण किया गया था, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। कार्यक्रम में सभी समाजजनों का विधिवत तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

गोपाल बलवानी ने बताया कि इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम सभापति कलावती यादव और विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नगर जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल उपस्थित रहे। अतिथियों ने आयोजन की भव्यता की सराहना की और समाज की एकजुटता व सांस्कृतिक समर्पण को प्रेरणादायी बताया। इस ऐतिहासिक आयोजन के मुख्य सूत्रधार कार्यक्रम संयोजक महेश परयानी रहे। यह आयोजन सिंधु जागृत समाज के इतिहास में अब तक का सबसे विशाल और सर्वाधिक जनसमूह वाला कार्यक्रम सिद्ध हुआ। इंदिरा नगर पंचायत और सिंधी भाई बंध पंचायत द्वारा मुख्य रूप से भोजन प्रसादी की सेवाएं दी गईं। आयोजन में सिंधु जागृत समाज के अध्यक्ष प्रताप रोहरा, सचिव महेश गंगवानी सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्यों रमेश राजपाल, रमेश समदानी, दौलत खेमचंदानी, मोहन वासवानी, डॉ. जितेंद्र जेठवानी, रमेश गजरानी, वेद प्रकाश आडवाणी और पवन खूबानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## फिल्म निर्माता सजन राज कुरुप पहुंचे अर्जी वाले हनुमान दरबार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

क्रिएटिवलैंड ग्रुप के संस्थापक व अध्यक्ष और जाने-माने फिल्म निर्माता सजन राज कुरुप ने महाकुंभ मेला क्षेत्र, मोहनपुरा स्थित श्री अर्जी वाले हनुमान मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। उन्होंने अपनी आगामी फिल्म श्री कृष्णावतार की सफलता के लिए भगवान के दरबार में अर्जी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने विशेष पूजा-अर्चना कर मंदिर में सवा मणि भोग भी लगाया।

सजन राज कुरुप मुख्य रूप से सनातन संस्कृति पर आधारित फिल्मों का निर्माण करते हैं। उन्होंने दक्षिण भारत के केरल सहित अन्य स्थानों पर कई सफल फिल्मों का निर्माण किया है। स्वामी जी के अनन्य भक्त कुरुप ने महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरीजी महाराज के सानिध्य में मंदिर परिसर में तीन घंटे तक विशेष पूजा और हनुमत कृपा महायज्ञ संपन्न किया।

जन्माष्टमी पर रिलीज होगी फिल्म

फिल्म निर्माता ने अपनी नई फिल्म श्री कृष्णावतार को जन्माष्टमी के अवसर पर रिलीज करने की अहम घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने मंदिर समिति को आगामी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव भी दिया है।

इस विशेष अनुष्ठान के दौरान मंदिर समिति की अध्यक्ष महामंडलेश्वर गुरु मां आनंदमयी, सावित्री महंत, शिवानी पाटीदार, पूजा यादव, सीमा जाट, योगेश जोशी, प्राणेश शुक्ला, टीना झाला, पंकज जायसवाल, रोहित पंडित और नीलेश पांचाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### उज्जैन में सफाई व्यवस्था बदहाल, चूहों के आतंक से शहरवासी बेहाल

## नालियों में बहाया जा रहा कचरा, त्योहारों पर भी गंदगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। सफाई कर्मचारियों और अधिकारियों की लापरवाही के कारण सड़कें और नालियां गंदगी से अटी पड़ी हैं। सफाईकर्मी सड़कों का कचरा सीधे नालियों में बहा रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र की नालियां चोक हो गई हैं। सड़कों पर पड़ी मवेशियों और कुत्तों की गंदगी कई दिनों तक नहीं उठाई जाती, जिससे परेशान होकर दुकानदारों को खुद सफाई करनी पड़ रही है।

सफाई कर्मचारियों को माह में चार रविवार के साथ-साथ सभी त्योहारों की छुट्टियां दी जा रही हैं। इतनी छुट्टियां तो अधिकारियों और इंजीनियरों को भी नहीं मिलतीं। त्योहारों पर शहर में लोगों की आवाजाही सबसे अधिक होती है, लेकिन छुट्टियों के कारण पूरे शहर में गंदगी का अंबार लग जाता है। सफाई एक निरंतर प्रक्रिया है। जिस तरह नागदा मिल या श्री सिंथेटिक को एक दिन के लिए भी बंद नहीं किया जा सकता, उसी तरह एक दिन की छुट्टी से सफाई का चक्र (सकुर्लेशन) बुरी तरह बिगड़ जाता है। निगम दावा करता है कि उनके पास छुट्टी के दिनों के लिए अतिरिक्त कर्मचारी हैं, लेकिन धरातल पर ऐसा कोई स्टाफ मौजूद नहीं है।

### चंद घंटों की ड्यूटी, चूहों का भारी आतंक

सफाई कर्मचारी दिनभर में मुश्किल से कुछ घंटे काम कर रहे हैं। सुबह 7 से 10 बजे की शिफ्ट वाले कर्मचारी 9 बजे ही गायब हो जाते हैं और शाम को केवल 3 से 4:30 बजे तक काम होता है। इस लचर व्यवस्था के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। वहीं, कंठाल क्षेत्र स्थित परमहंस भोजनालय के आसपास चूहों का भारी आतंक है। रात के समय वहां बड़ी संख्या में चूहे देखे जा सकते हैं। बचाव के लिए लोगों को अपने खर्च पर घरों और दुकानों में जालियां लगवानी पड़ रही हैं। नगर निगम के पास चूहों और मच्छरों की समस्या से निपटने का कोई इंतजाम नहीं है। प्रशासनिक लापरवाही का आलम यह है कि यदि कोई नागरिक सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करता है, तो समस्या का समाधान करने के बजाय भारी संख्या में सफाई कर्मचारी एक साथ शिकायतकर्ता के घर पहुंच जाते हैं और शिकायत वापस लेने का दबाव बनाते हैं। वहीं, कचरा कलेक्शन गाड़ियों के आने का भी कोई निर्धारित समय नहीं है। सप्ताह में कई दिन गाड़ियां खराब रहती हैं/

# डॉ. प्रभु चौधरी का योगदान अविस्मरणीय, उनके नाम पर हो मार्ग का नामकरण: प्रो. शर्मा

### राज्यपाल थावरचंद गेहलोत ने पैतृक गांव पहुंच दी पुष्पांजलि, राष्ट्रीय गोष्ठी में देश भर के साहित्यकारों ने किया स्मरण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के संस्थापक, साहित्यकार और हिंदी सेवी डॉ. प्रभु चौधरी के निधन पर संस्था द्वारा एक राष्ट्रीय गोष्ठी का आयोजन कर उन्हें भावभीनी स्मरणांजलि अर्पित की गई। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत ने डॉ. प्रभु चौधरी के पैतृक निवास कसारी चौहान पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर डॉ. चौधरी के ज्येष्ठ पुत्र जितेंद्र चौधरी और सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. शैलेन्द्रकुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में परिवारजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### मार्ग का नामकरण करने की मांग और विशेषांक का होगा प्रकाशन

गोष्ठी के अध्यक्षीय उद्बोधन में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्रकुमार शर्मा ने कहा कि डॉ. प्रभु चौधरी कर्मठ और सेवानिष्ठ व्यक्तित्व के धनी थे। उज्जैन के साथ-साथ महिदपुर-आलोट क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। प्रो. शर्मा ने मांग की कि महिदपुर रोड क्षेत्र में एक मार्ग का नामकरण डॉ. प्रभु चौधरी के नाम पर किया जाना चाहिए। उन्होंने घोषणा की कि डॉ. चौधरी के विविधमुखी योगदान पर केंद्रित एक प्रकाशन भी किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के संरक्षक एवं वरिष्ठ शिक्षाविद बी के शर्मा ने बताया कि डॉ. चौधरी में अद्भुत संगठनात्मक प्रतिभा थी और राज्यपाल थावरचंद गेहलोत भी उन्हें बहुत सम्मान देते थे। नागरी लिपि परिषद दिल्ली के महामंत्री डॉ. हरिसिंह पाल और पूर्व आईएएस अधिकारी व नागरी लिपि प्रमुख डॉ. अशोक कुमार भार्गव ने कहा कि हिंदी और नागरी लिपि के प्रचार-प्रसार में उनके अथक प्रयासों की यशकाया हमेशा जीवित रहेगी।

कार्यकारी अध्यक्ष सुवर्णा जाधव ने उनके द्वारा आयोजित साहित्य सम्मेलनों का स्मरण किया। राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना उज्जैन की सचिव डॉ. शहनाज शेख ने बताया कि डॉ. चौधरी मॉरीशस में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित करने वाले थे, लेकिन उनके कई कार्य अधूरे रह गए।

### देश भर के शिक्षाविदों और साहित्यकारों ने दी श्रद्धांजलि

कार्यक्रम का संचालन करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रश्मि चौबे ने डॉ. प्रभु चौधरी के निधन को अपूरणीय क्षति बताया। गोष्ठी में उपस्थित देश के विभिन्न हिस्सों से आए विद्वानों ने उनके कार्यों को याद किया। पुणे के च्वाइस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आफताब अनवर शेख ने उन्हें ऋषि तुल्य व्यक्तित्व और युग पुरुष बताया, जबकि जयपुर के समाजसेवी डॉ. शिवा लोहारिया ने कहा कि उनके कार्यों का बखान करना सूर्य को दीपक दिखाने के समान है। इंदौर हिंदी परिवार के हरे राम वाजपेयी ने उनके द्वारा पूरे भारत को जोड़ने के कार्य की सराहना की और पुणे के डॉ. रणजीत सिंह अरोरा ने कहा कि हिंदी उनके लिए भाषा नहीं, बल्कि देश की आत्मा थी। छत्तीसगढ़ महिला इकाई अध्यक्ष डॉ. अनसूया अग्रवाल ने कहा कि वे अंत तक साहित्य की सेवा करते रहे। वहीं, मुंबई यूनिवर्सिटी की गुजराती विभागाध्यक्ष डॉ. उर्वशी पण्ड्या ने विश्वविद्यालय की ओर से उनकी स्मृति में कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की। प्रयागराज के विश्व हिंदी साहित्य सेवा संस्थान के सचिव डॉ. गोकुलेश्वर द्विवेदी ने नारी शक्ति के सम्मान में उनके द्वारा किए गए आयोजनों को याद किया और एसएमडीटी यूनिवर्सिटी मुंबई के डायरेक्टर डॉ. जितेंद्र तिवारी ने उनकी सरलता, सहजता व कुछ कर दिखाने की ललक को रेखांकित किया। इसके अतिरिक्त पुणे की श्वेता मिश्रा, राष्ट्रीय संयोजक पद्मचंद गांधी, एक प्रयास भारत पुणे के अध्यक्ष महेंद्र कुमार, छत्तीसगढ़ की राष्ट्रीय संयोजक डॉ. मुक्ता कान्हा कौशिक, भावना गुप्ता, गरिमा प्रपन्ना, मनीषा ठाकुर और डॉ. संगीता तिवारी ने भी उनके कार्य करने के जज्बे को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मुंबई की मेरु प्रभा, आलोट के प्रमोद मेहता, डॉ. सुशीला, गीता सिंह, मुंबई के निर्मल मेहता, अमृता अनुभूति, डॉ. संगीता पाल, प्रयागराज की जगदीश कौर, मुमताज पठान, नियति अग्रवाल, रामलखन पाल, सुषमा कोनड़े और कृष्णा जोशी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने उपस्थित रहकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## खबर एक नजर...

### पाठशाला के बच्चों ने की धार्मिक यात्रा

**बडनगर।** स्थानीय राजेंद्र जयंत पाठशाला के बच्चों शिक्षकों एवं समिति के सदस्यों द्वारा प्रसिद्ध जैन तीर्थ अभ्युदयपुरम एवं हासमपुरा की यात्रा की। इस यात्रा के दौरान बच्चों द्वारा प्रभु पूजा, आरती, अष्टप्रकारी पूजन की गई साथ ही पाठशाला के बच्चों द्वारा ही प्रभु आरती एवं अन्य बोलियां बढ़-चढ़ कर लेकर अपनी प्रभु भक्ति एवं समर्पण का परिचय दिया। इस यात्रा के दौरान बच्चों के गेम्स एवं धार्मिक प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। जिसमें सभी बच्चों ने भाग लिया तथा विजेता बच्चों को समिति ने पुरस्कृत किया गया

सभी बच्चों ने धार्मिक यात्रा में अपने अनुभव साझा करते हुए पाठशाला में संस्कारों का ग्रहण किस प्रकार हो एक दूसरे को बताए साथ ही यह शपथ ग्रहण की गई की पाठशाला में एकाग्रता से पढ़ाई करने का संकल्प लिया। पाठशाला समिति के सदस्य संजय औरा ने बताया कि प्रतिवर्ष बच्चों को इस तरह की धार्मिक यात्राएं कराई जाती है ताकि वह आध्यात्मिक की ओर जुड़कर अपने जीवन लक्ष्य को प्राप्त कर सके। सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार नाहर ने बताया कि साठ बच्चों एवं शिक्षकों एवं समिति सदस्यों द्वारा यह यात्रा पूर्ण की गई तथा पूर्ण रूप से अनुशासित रहते हुए सभी बच्चों ने संकल्प लिया कि जीवन में अधिक से अधिक तीर्थ की यात्रा कर पुण्य का लाभ लेंगे।

### यादवोत्थान समिति मालवांचल की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**बड़नगर।** यादवोत्थान समिति मालवांचल की एक आवश्यक बैठक रविवार को स्थानीय सत्यम कॉम्प्लेक्स, खोप दरवाजा पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मथुरालाल झड़ ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों और वरिष्ठजनों द्वारा भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ किया गया।

बैठक के दौरान संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए यादवोत्थान समिति एवं युवा उत्थान समिति की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों और सदस्यों को उनकी नई जिम्मेदारियों के लिए मनोनयन पत्र वितरित किए गए।बैठक में समाज हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया, जिसमें मुख्य रूप से आगामी 20 अप्रैल 2026 (अक्षय तृतीया) को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों और रूपरेखा पर चर्चा की गई। समाज के होनहार छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु 'प्रतिभा सम्मान समारोह' आयोजित करने का निर्णय लिया गया। गत जन्माष्टमी महोत्सव के दौरान हुए आय-व्यय का अनुमोदन किया गया। समाज को संगठित करने के लिए आजीवन और वार्षिक सदस्यता अभियान को गति देने पर सहमति बनी। इस महत्वपूर्ण बैठक में समाज के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व कार्यकारिणी सदस्य, युवा उत्थान समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु, वरिष्ठजन और युवा साथी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव ओम प्रकाश यादव ने किया । आभार युवा अध्यक्ष सचिन यादव ने व्यक्त किया।

# माहेश्वरी समाज का भव्य गणगौर सिंजारा आयोजित: पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने लिया उत्साह से भाग

## ईसर-गोरा, नोक-झोंक और रील बनाओ जैसी आकर्षक प्रतियोगिताओं ने बांधा समां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




श्री माहेश्वरी सभा प्रगति महिला मंडल द्वारा होटल सुराना में गणगौर के सिंजारे का भव्य आयोजन किया गया। मंडल की अध्यक्षा रुचि गांधी ने बताया कि कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में किरण पलोड़ एवं नेहा झंवर उपस्थित थीं, जिनका स्वागत तिलक लगाकर और ढोल के साथ पारंपरिक तरीके से किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शीला मंडोवरा तथा मंगला चितलांगिया ने किया। संयोजक वर्षा राठी, एकता आगाल और विधि मालपानी की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में कई रोचक प्रतियोगिताएं हुईं। पूर्व अध्यक्ष शीतल मुंदड़ा और पायल भूतड़ा ने आकर्षक हाउजी खिलाई। कार्यक्रम के दौरान आयोजित ईसर-गोरा प्रतियोगिता में पूर्वा और हिमांशी भूतड़ा ने प्रथम तथा प्रियंका व नीयति माहेश्वरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मनोरंजक सास-बहू एवं देवरानी-जेठानी नोक-झोंक प्रतियोगिता में पूनम, भूमिका और स्वाति झंवर प्रथम रहीं, जबकि राधिका चितलांगिया व अर्पिता सोमानी ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार, गणगौर रील बनाओ प्रतियोगिता में अदिति ग्रुप ने पहला और राधिका व कीर्ति ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बेस्ट गणगौर के खिताब से वर्षा राठी को नवाजा गया। इस अवसर पर माहेश्वरी मारवाड़ी महिला संगठन की प्रदेश अध्यक्ष संतोष सोडानी, माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष कैलाश नारायण राठी और माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष संध्या हेड़ा विशेष रूप से उपस्थित थीं। साथ ही, प्रगति मंडल कार्यकारिणी से कुसुम भूतड़ा, राजश्री भूतड़ा, सीमा मुंदड़ा, सीमा कासट, नूतन गगरानी, मधु लड्डा, रानी शारडा, हंसा बाहेती, शोभा मुंदड़ा, वनिता भूतड़ा, अनुराधा आगाल, स्वाति बाहेती और संध्या ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# सनातन हिंदू नव वर्ष पर फूल माली समाज का मिलन समारोह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सनातन हिंदू नव वर्ष के शुभ अवसर पर फूल माली समाज द्वारा वार्षिक सामाजिक मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सर्वश्री पंचान फूल माली समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत समाज की महिलाओं द्वारा पारंपरिक रूप से फूल-पाती एवं कलश पूजन के साथ की गई, जिससे वातावरण धार्मिक एवं सांस्कृतिक भावनाओं से ओत-प्रोत हो गया। इसके पश्चात समाज में उत्कृष्ट एवं अग्रणी कार्य करने वाले वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों का श्रीफल एवं शॉल भेंट कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष भागीरथ बलदिया सहित दिलीप चौहान, हुकुमचंद बगड़िया, रामचंद्र बोडाना, रामचंद्र रायवाल, गोपाल बागरवाल, राजेंद्र वर्मा, हुकुमचंद माली, बाबूलाल चौहान एवं विजय बलदिया का विशेष रूप से सम्मान किया गया।

समारोह के दौरान समाज की वर्षभर की गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की गई तथा सदस्यता अभियान को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर समाजजनों के लिए सामूहिक सामाजिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए दीपक वर्मा ने बताया कि इस आयोजन में संतोष जेतवाल, जगदीश जी, पवन पुष्पद, मोहन बड़ोनिया, दीपक माली, संदीप पुष्पद, राहुल चौहान, अंकित रायवाल, जितेंद्र भारती, राहुल पुष्पद, रोहित सोठिया, सुनील चौहान, पलक चौहान, रोनक चौहान, मनीष चौहान, महेश चंदलोया, प्रियांश भारती, निहारिका भारती सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### सरस गोष्ठी में आज कवि करेंगे रचना पाठ

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन द्वारा मंगलवार 24 मार्च को प्रेस क्लब में सरस गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। शाम 5 बजे चायपान के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। संघ के सचिव डॉ. हरीशकुमार सिंह ने बताया कि गोष्ठी में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश लेखक संघ भोपाल के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी होंगे।

### रीजन कॉन्फ्रेंस 'सिद्धार्थ' में सेवा कार्यों के लिए किया सम्मानित

**उज्जैन।** लायंस क्लब इंटरनेश नल के एमजेएफ लायन प्रदीप यादव की रीजन कॉन्फ्रेंस 'सिद्धार्थ' भव्यता के साथ संपन्न हुई। आयोजन का आतिथ्य होस्ट क्लब 'लायंस क्लब उज्जैन फ्रेंड्स' के अध्यक्ष लायन विनोद लुल्ला एवं उनके साथियों ने किया। मुख्य वक्ता पुणे से आए एमजेएफ लायन द्वारका जालान ने जीवन प्रबन्धन के साथ सेवा कार्यों को करने के गुरुमंत्र दिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ट, एमसीसी एमजेएफ लायन मनीष शाह, कॉन्फ्रेंस चेयरमैन लायन डॉ. सतिंदर सलूजा और कॉन्फ्रेंस सचिव लायन डॉ. तपेश राय उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर जय प्रकाश त्रिपाठी, रिपुदमन, लायन महेश मालवीय, अजय गुप्ता और लायन बलबीर साहनी मौजूद थे।

# पूर्व सैनिकों ने अमर क्रांतिकारियों को दी श्रद्धांजलि, प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण

### मगरमुहा स्थित भगतसिंह आजाद बालोद्यान में पूर्व सैनिक कल्याण संगठन ने किया आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उज्जैन संभाग पूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा अमर क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। मगरमुहा स्थित भगतसिंह आजाद बालोद्यान में सोमवार शाम 5:30 बजे पूर्व सैनिक साथियों ने देश के इन महान क्रांतिकारियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके बलिदान को याद किया। संगठन के सचिव रवि प्रताप सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर पूर्व सैनिकों ने वीर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष सेवानिवृत्त सूबेदार कमल सोनी, उपाध्यक्ष हवलदार मुकेश कुमार मोयल और सचिव हवलदार रवि प्रताप सिंह भदोरिया प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में संगठन के सदस्य हवलदार सवाई सिंह शेखावत, आनरेरी लेफ्टिनेंट सूबेदार मेजर प्रकाश गोडबोले, आनरेरी सूबेदार मेजर मुकेशचंद्र सोनी, सूबेदार एस.एन. श्रीवास्तव, सूबेदार तेजप्रताप यादव, हवलदार लाखन सिंह जादौन, हवलदार जुगल किशोर जोशी और मास्टर पृथ्वी मोयल उपस्थित थे।

# जैन समाज का अनोखा कपल क्रिकेट टूनार्मेंट: महिलाओं ने जड़े चौके-छक्के

### वर्धमान सुपर किंग्स बनी चैंपियन, 200 से अधिक दंपतियों ने दिखाया खेल कौशल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



जैन समाज के युवाओं को खेल से जोड़ने और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्धमान ग्रुप द्वारा आयोजित 'वर्धमान कपल क्रिकेट टूनार्मेंट' का रविवार, 22 मार्च को सूर्या टर्फ पर शानदार समापन हुआ। पिछले एक माह से चल रहे इस अनूठे आयोजन में 200 से अधिक दंपतियों ने उत्साहपूर्वक क्रिकेट के मैदान पर अपना दम-खम दिखाया।

टूनार्मेंट में 6-6 ओवर के कुल 26 मैच खेले गए। नियमों के तहत 3 ओवर महिला और 3 ओवर पुरुष खिलाड़ियों ने फेंके, जबकि बैटिंग के दौरान क्रीज पर महिला-पुरुष की जोड़ी साथ खेली। मैचों की शुरूआत मंगलाचरण पाठ से की गई।

ग्रुप के अध्यक्ष हितेष-तनु बड़जात्या और सचिव राजेश-नमिता लुहाड़िया ने बताया कि पुरुष खिलाड़ियों के साथ-साथ महिलाओं ने भी उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। महिला खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए चौके-छक्के जड़े और अर्धशतक बनाए। गेंदबाजी में भी महिलाओं ने कमाल दिखाते हुए तीन गेंदों पर तीन पुरुषों को आउट कर हैट्रिक ली। हर मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली महिला खिलाड़ी को 'प्लेयर ऑफ द वुमन' के खिताब से नवाजा गया।

**वर्धमान सुपर किंग्स ने जीता खिताब-** ग्रुप के कोषाध्यक्ष आदिश-खुशी विनायका ने बताया कि फाइनल मुकाबले में 'वर्धमान सुपर किंग्स' ने खिताबी जीत दर्ज कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं, 'जैनम किंग्स' और 'राइज एंड शाइन स्कॉट्स' की टीमें उपविजेता रहीं। टूनार्मेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का विशेष पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

## खबर एक नजर...

### आंगनबाड़ी केंद्रो पर विद्यारंभ कार्यक्रम का आयोजन 24 मार्च को किया जाएगा

**रतलाम।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री रामनिवास बुधौलिया ने बताया कि रतलाम जिले के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों पर 24 मार्च मंगलवार को बाल चौपाल दिवस के दौरान प्रातः 10 बजे से ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 5 से 6 साल के कुल 25035 बच्चों को शाला पूर्व शिक्षा प्राप्त करने के रूप में विद्यारंभ प्रमाण पत्र दिया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक आंगनवाडी केंद्र पर किया जाएगा।

### रामनवमी पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**रतलाम।** विगत 7 वर्ष से इंद्रलोक नगर से श्री रामनवमी पर निकलने वाली शोभा यात्रा इस बार फिर बड़ी धूमधाम से मनाने की तैयारियां प्रांरभ हो चुकी है। इस संबंध में कल श्री राम नवमी महोत्सव समिति सदस्यों तथा क्षेत्रीय नागरिकों की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें शोभा यात्रा को भव्य बनाने की तैयारी पर चर्चा की गई दिनांक 26 मार्च को शाम को 5 बजे इंद्रलोक नगर स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर से प्रांरभ होने वाली इस शोभायात्रा में रामरथ के साथ-साथ झांकी बैंड डीजे ढोल घोड़ी ऊंट आर्केस्ट्रा के साथ-साथ बाल हनुमान की टोली भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।आयोजन समिति की ओर से शहर की जनता से अपील की गई है की रामनवमी के पावन पर्व पर निकलने वाली इस झांकी एवं शोभा यात्रा में अधिक से अधिक की संख्या में भाग ले तथा श्रद्धालुओं का स्वागत व सत्कार करें। महा आरती के पश्चात प्रसादी का वितरण होगा।

### भाजपा किसान मोर्चा द्वारा सेवा पखवाडा मनाने हेतु बैठक आयोजित

**रतलाम।** भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश संगठन के निदेर्शानुसार जिला भाजपा किसान मोर्चा द्वारा भाजपा कार्यालय पर परिचय एवं सेवा पखवाड़ा मनाने के लिए जिला बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि संभाग प्रभारी एवं भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री हरिनारायण यादव, संभाग सहप्रभारी प्रदेश मंत्री अर्जुन रघुवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष शंकरलाल पाटीदार थे सर्वप्रथम भगवान बलराम, दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण अतिथियों द्वारा किया गया! स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष रामसिंह सिसोदिया ने दिया बैठक में अतिथि परिचय के पश्चात बैठक में उपाध्यक्ष शंकरलाल पाटीदार ने बताया की आगामी कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जावेगा! संचालन भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री बद्रीलाल चौधरी ने करते हुए अपने उदबोधन में यह कहा कि प्रदेश संगठन द्वारा तय किया गया की मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का जन्मदिन २५ मार्च को रतलाम कृषि उपज मंडी में किसान भाइयों के बीच में मनाया जावेगा। बैठक में अतिथियों का दुपट्टा एवं पुष्पमाला से स्वागत किया।

#### एमपी ट्रांसको की परंपरा के अनुसार समीक्षा बैठक की

# पावर सेक्टर में विशेषज्ञता ही भविष्य की चुनौतियों का सटीक समाधान : एमडी तिवारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के सेंट्रल जोन के कार्यपालन अभियंताओं की समीक्षा बैठक में प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने कहा कि पावर सेक्टर, विशेषकर ट्रांसमिशन क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल कर युवा इंजीनियर न केवल भविष्य की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकते हैं, बल्कि कंपनी की उत्कृष्टता को भी बनाए रख सकते हैं।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर भी विशेषज्ञता को जटिल चुनौतियों से निपटने का सबसे सटीक समाधान माना जा रहा है। सेंट्रल जोन के लगभग ३५ कार्यपालन अभियंताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा



कि जो अभियंता किसी विशेष क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त करना चाहते हैं, कंपनी उन्हें उनकी रुचि के अनुसार देश के उच्च स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भेजने के लिए सदैव तत्पर है।

प्रबंध संचालक ने नई पीढ़ी के अभियंताओं से मेंटोरशिप संस्कृति विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि निर्माण इकाइयों एवं फैक्ट्रियों में मटेरियल इंस्पेक्शन के दौरान सीखने के व्यापक अवसर होते हैं। विशेष रूप से ट्रांसफॉर्मर निरीक्षण के दौरान तकनीकी बारीकियों को समझकर अभियंता अपने कौशल को उन्नत कर सकते हैं। इस प्रकार अर्जित ज्ञान भविष्य में नव-नियुक्त इंजीनियरों के प्रशिक्षण में भी सहायक होगा। उन्होंने बताया कि कंपनी में संभागीय स्तर तक ई-ऑफिस प्रणाली का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हो चुका है। सभी अधिकारियों को इसका अधिकतम उपयोग करने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि इससे न केवल कार्यकुशलता बढ़ती है, बल्कि निर्णय प्रक्रिया में भी तेजी आती है।

यह पहल कंपनी को डिजिटाइजेशन की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। साथ ही उन्होंने स्वदेशी तकनीकों को अपनाने पर भी जोर दिया। प्रबंध संचालक ने स्पष्ट किया कि जीरो एक्सीडेंट कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने निर्देश दिए कि ट्रांसमिशन एलिमेंट्स के रखरखाव के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही चेतावनी दी कि दुर्घटना के लिए जिम्मेदार पाए जाने वाले अधिकारियो पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। एमपी ट्रांसको की परंपरा के अनुसार समीक्षा बैठक की शुरूआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के सभी छहों छंदों के सामूहिक गायन से हुई। बैठक के समापन पर राष्ट्रगान का भी सामूहिक रूप से गायन किया गया।

### आरटीई में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया में आवेदन के लिए मात्र 16 दिन का समय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत निजी स्कूलों में ऑनलाइन निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया के प्रथम चरण की शुरुआत हो चुकी है। इसमें केवल 16 दिन का समय ही दिया है। इस कारण पालक निराश हैं। प्रथम चरण में ऑनलाइन निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत 5600 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(ग) के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया की जा रही है। जिसमें प्रवेश के लिए पात्र बच्चों के अभिभावक अपने ग्राम, वार्ड, पड़ोस और विस्तारित पड़ोस के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूल में से न्यूनतम 3 स्कूलों और अधिकतम 10 स्कूलों का चयन कर निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार की यह प्रक्रिया 13 मार्च से शुरू हो चुकी है, जो 28 मार्च तक चलेगी।

### इमरान सुपर की गिरफ्तारी की मांग, हिंदू संगठनों ने थाने का किया घेराव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

रविवार रात हिंदू संगठनों ने थाना औद्योगिक क्षेत्र का घेराव किया। थाने परिसर में नीचे जमीन पर बैठ नारेबाजी की। रेप के फरार आरोपी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष इमरान सुपर की ढाई महीने बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने पर विरोध जताया। रेप के दो अन्य मामलों में जेल में बंद मुन्नालाला के मोबाइल की जांच व नशीला पदार्थ को लेकर जांच नहीं करने पर पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए।

हिंदू संगठन के लोग रात ८ बजे थाने पहुंच घेराव किया। करीब एक घंटे तक थाना परिसर में जमीन पर बैठे रहे। पहले थाना प्रभारी सत्येंद्र रघुवंशी ने समझाया। लेकिन नहीं माने। इसके बाद सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया पहुंचे। सीएसपी भी जमीन पर बैठ गए।

हिंदू संगठनों को आश्वास्त किया कि जल्द आरोपी की गिरफ्तारी होगी। पुलिस टीम तलाश कर रही है। गिरफ्तारी को लेकर सभी ने 7 दिन का अल्टीमेटम दिया।

# अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को भारत रत्न देने की उठी मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस पर दशपुर जागृति संगठन द्वारा गांधी चौराहे पर एक भव्य और गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मौजूद जनसमूह ने मशाल प्रज्वलित कर शहीदों को भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने संगठन की मांगों का पुरजोर समर्थन करते हुए घोषणा की कि तीनों बलिदानियों को भारत रत्न दिलाने की आवाज को दिल्ली तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने नगर में तीनों क्रांतिकारियों की प्रतिमाएं स्थापित करने के लिए क्रांति चौराहे के निर्माण का आश्वासन देते हुए कहा कि संगठन द्वारा किए जा रहे राष्ट्र-जागरण के पवित्र कार्यों में नगरपालिका पूर्ण सहयोग करेगी। उन्होंने मंदसौर के लिए



इसे सौभाग्य बताया कि यहाँ की विचारधारा अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही है।

संगठन के अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा ने इस मौके पर उपस्थित नागरिकों को देश से भ्रष्टाचार मिटाने और क्रांतिकारियों की स्मृति को चिरस्थाई बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन बिना किसी धर्म, जाति या राजनीतिक भेदभाव के राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संरक्षक रवींद्र पांडे और राजाराम तंवर ने संगठन के 16 वर्षों के सफर को रेखांकित किया और नगर के एक प्रमुख चौराहे का नाम क्रांति चौराहा रखने की आवश्यकता पर बल दिया। वरिष्ठ सदस्य अरुण गौड़ और परामर्शदाता सुनील बंसल ने इस बात पर गहरा खेद व्यक्त किया कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी इन महान नायकों को भारत रत्न से नवाजा नहीं गया है। उन्होंने कहा कि यदि राष्ट्र अपने नायकों को उचित सम्मान नहीं देगा, तो भावी पीढ़ी में देशभक्ति का संचार कैसे होगा।

राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र की हस्तियों ने भी कार्यक्रम में अपनी बात रखी। भाजपा उपाध्यक्ष विनय दुबेला ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस और क्रांति चौराहे के सपने को जल्द पूरा करने का भरोसा दिलाया, वहीं युवा नेता मुकेश नागर ने युवाओं से आह्वान किया कि देश में बड़े परिवर्तन के लिए देशभक्त युवाओं का सदन में पहुंचना अनिवार्य है। वरिष्ठ सदस्य सत्येंद्रसिंह सोम ने वर्तमान राजनीति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज लोग नेता तो बनना चाहते हैं लेकिन भगत सिंह जैसा त्याग करने का साहस कोई नहीं जुटा पाता। उन्होंने राजनीति के शुद्धिकरण के लिए भ्रष्टाचार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की वकालत की। कार्यक्रम में पुलिस पेंशनर्स संघ के प्रांतीय अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह परिहार, सीमा चौरडिया, क्रांतिकारी गायक महेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और देशभक्त उपस्थित थे।

# एचपीवी वैक्सीनेशन के लिए प्रतिदिन चलाए विशेष कैंप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि जिला अस्पताल में एचपीवी वैक्सीनेशन के लिए प्रतिदिन विशेष कैंप चलाएं। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें तथा अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें। नगर पालिका सीएमओ को अभियान में विशेष समन्वय करने के निर्देश दिए गए। साथ ही



पार्षदों के साथ बैठक आयोजित कर बच्चों एवं उनके माता-पिता की काउंसलिंग करने और उन्हें एचपीवी वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया गया। जिला आपूर्ति अधिकारी को एलपीजी गैस सिलेंडर की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।



### शहीद हेमू कॉलानी की जयंती पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया

पिपलिया मंडी। अमर बलिदानी शहीद हेमू कालानी की जयंती, सोमवार 23 मार्च 2026 को उनके 103वें जन्मदिवस के रूप में पिपलिया मंडी नगर में अत्यंत हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम मे भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष श्री शंकरलाल हरजानी के निर्देशानुसार पूज्य सिंधु जनरल पंचायत के अध्यक्ष श्री रूपचंद होतवानी के मार्गदर्शन में स्थानीय गांधी चौराहे के पास शहीद हेमू कालानी चौराहे पर हेमू कालानी की तस्वीर को माल्यार्पण कर समाज जनों द्वारा केक काटकर जन्मदिन हर्षोल्लाह से मनाया गया।

### होटल व्यापारियों ने गैस सिलेण्डर की समस्या को लेकर दिया ज्ञापन

**मन्दसौर।** सोमवार को मंदसौर होटल व्यापारी संगठन के एक प्रतिनिधि मण्डल ने वर्तमान में आ रही कमर्शियल गैस टंकी की समस्या के समाधान को लेकर मंदसौर कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग को ज्ञापन दिया गया। जिसमें होटल व्यवसायियों को भी ज्यादा नहीं तो कम ही गैस की उपलब्धता के लिए सहयोग की मांग की। कलेक्टर ने हमारी मांग को गंभीरता से लेकर सहयोग का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधि मंडल में मंदसौर होटल व्यापारी संगठन के पुष्पेंद्र भावसार, विजय पोपट, कैलाश पालीवाल, दिनेश अग्रवाल, नरेश जैन, विकास पोरवाल अंकुश पालीवाल उपस्थित थे।

# मोहल्लों में निकलीं गणगौर माता : महिलाओं ने विधि-विधान से पिलाया जल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर

निमाड़ अंचल के प्रमुख लोकपर्व गणगौर की धूम रविवार को पूरे नगर में देखने को मिली। नगर सहित विभिन्न मोहल्लों में गणगौर माता के रथ निकाले गए, जहां महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ माता को जल पिलाकर पूजा-अर्चना की। घर-घर से निकलीं गणगौर माता की झांकियों ने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया।

ढोल-ताशों और पारंपरिक गीतों के बीच श्रद्धालु भक्ति में सराबोर नजर आए, वहीं महिलाओं ने गणगौर माता की जय के जयकारों के साथ उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव केवट समाज और कहार समाज के बीच पहुंचे। उन्होंने गणगौर माता को चुनरी अर्पित कर आशीर्वाद लिया।



विधायक के आगमन पर समाजजनों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान विधायक राजकुमार मेव ने केवट समाज की धर्मशाला निर्माण के लिए 11 लाख रुपये की घोषणा की, जिससे समाज में हर्ष का माहौल बन गया।कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पाटीदार, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मनोज शर्मा, पार्षद एवं समाजसेवी नितिन पाटीदार, मंडल महामंत्री अनिरुद्ध हलवे, अंकित बिट्टू जैन, रोहित केवट सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई।वहीं नर्मदा घाट पर नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे के निर्देशन में घाट की आकर्षक लाइटिंग कर सजावट की गई। नगर परिषद द्वारा साउंड सिस्टम के माध्यम से गणगौर माता के पारंपरिक गीतों का प्रसारण किया गया, जिस पर महिलाएं भक्ति भाव से झूमती नजर आईं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए थाना प्रभारी पंकज तिवारी के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन द्वारा नर्मदा घाट सहित नगर के विभिन्न स्थानों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई। पूरे आयोजन के दौरान पुलिस बल मुस्तैद रहा।गणगौर पर्व के इस आयोजन ने नगर में आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का सुंदर संदेश दिया। मोहल्लों में निकली माता की झांकियों और नर्मदा तट पर हुए धार्मिक कार्यक्रमों ने पूरे मंडलेश्वर को भक्तिमय वातावरण में रंग दिया।



## मड़ई उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बाग

मध्य प्रदेश शासन के द्वारा जनजातिय संग्रहालय भोपाल की और से आयोजित  तीन दिवसीय मड़ई उत्सव कार्यक्रम  हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ जहां प्रमुख आकर्षण के रूप में गोंडवाना की वीरांगना रानी दुगार्वंती के अदम्य साहस, मुगलों के खिलाफ संघर्ष और १५६४ में उनके बलिदान की गौरवगांथा को झांकी के माध्यम से जीवंत किया गया । यह उत्सव स्थानीय संस्कृति देवी आराधना और सामाजिक मेल मिलाप का प्रतीक है । रानी दुर्गावती की कहानी का चित्रण मड़ई में रानी दुर्गावती के बचपन, चंदेल वंश में जन्म ,गोड राजा दलपत शाह के साथ विवाह और उनके कम उम्र में शासन संभालने की कहानी दिखाई गई । वीरता का प्रदर्शन झांकी के माध्यम से यह दिखाया गया है कि कैसे रानी ने अकबर की विशाल सेना को डटकर मुकाबला किया और अंततः 24 जून 1564 को मातृभूमि की रक्षा के लिए वीरगति को प्राप्त हुई । उक्त कार्यक्रम मे संघ के धार विभाग के संघचालक भूपेंद्र कसेरा, विभाग समरसता संयोजक कमलेश राठी व बाग क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरीक उपस्थित थे, कलाकारो की शानदार प्रस्तुतियो को देखने के लिए बडी संख्या मे दर्शक मौजूद रहे !

# कमर्शियल एलपीजी सिलेण्डरों की वितरण व्यवस्था के संबंध में निर्देश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति एवं भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निदेशों के अनुपालन में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के द्वारा मध्यप्रदेश के कमर्शियल एलपीजी सिलेण्डरों के वितरण के संबंध आवंटन प्राथमिकता का क्रम निर्धारित किया गया है।

मध्यप्रदेश शासन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के उप सचिव श्री बीके चंदेल ने प्रदेश के समस्त कलेक्टर्स को परिपत्र जारी कर निर्देशित किया है । पत्र में उल्लेखित किया गया है कि पहले क्रम पर शैक्षणिक संस्था एवं चिकित्सा संस्थानों को, दूसरे क्रम पर आवश्यक सेवाये, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस/सुरक्षा बल/पुलिस बल/जेल/ सामाजिक न्याय विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग, अन्य विभाग के संस्थान जहां वृद्ध, महिला एवं बच्चे निवासरत है, एयरपोर्ट, रेल्वे, दीनदयाल रसोई केन्द्रों को, तीसरे क्रम पर होटल, रेस्टोरेंट एवं केटर्स, ढाबा, स्ट्रीट फूड वेंडर को, चौथे क्रम पर उद्योग (फार्मास्युटिकल/फूड प्रोसेसिंग/पोल्ट्री फूड/सीड प्रोसेसिंग) को तथा पांचवे क्रम में अन्य उद्योगों को कमर्शियल एलपीजी का वितरण सुनिश्चित किया जाये। कमर्शियल एलपीजी सिलेण्डरों की आपूर्ति 5, 9, 47.5 और 425 किलोग्राम के पैक्ड सिलेण्डरों में की जायेगी।

साथ ही पत्र में यह भी उल्लेखित किया गया है कि जिला प्रशासन कमर्शियल एलपीजी सिलेण्डरों का डायवर्जन, जमाखोरी, अवैध भण्डारण, कम तौल तथा कालाबाजारी को रोकने के लिए नियमित निरीक्षण एवं कार्यवाही करेगा। भारतीय न्याय संहिता 2025 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955, द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस आदेश 2000 और चोर बाजारी निवारण और आवश्यक वस्तु प्रदाय अधिनियम 1980 के किसी भी प्रावधान के उल्लंघन के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## सुरेश्वर जी महाराज का हुआ मंगल प्रवेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बाग

मोहनखेड़ा महातीर्थ पर होने वाले नवपद ओली जी में निश्रा देने जा रहे गच्छाधिपति आचार्य श्री नित्य सेन सूरी जी एवं साधु साध्वी मण्डल का कुक्षी से होते हुए गुरुदेव जयंत सेन सुरीश्वर जी की मोन साधना एवं हृदय स्थली बाग नगर में भव्य प्रवेश हुवा।

जैन श्री संघ ने बैंड बाजों के साथ गुरुदेव की अगवानी की। । प्रातः 8 बजे वरघोड़ा जबरेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर नगर में प्रवेश किया। समाज जनों ने अपने अपने निवास पर गुरुदेव की  गहूली की तत्पश्चात श्रीसंघ द्वारा नव निर्मित विमल जयंत मांगलिक भवन का  वाक्षेप डाल कर एवं कुंकुम पगलिए से लोकार्पण किया साथ में मुनि भगवंत श्रीसंघ अध्यक्ष अमित जैन एवं सभी समाज जन मौजूद थे।



## फार्मर रजिस्ट्री कार्य को मिशन मोड़ में चला कर प्रगति की जाए -कलेक्टर

**आलीराजपुर,।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से ५० दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेकर निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान मुख्य सचिव की वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) के पालन प्रतिवेदन बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस के बिंदुओं एवं पूर्व बैठक की कार्यवाही की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य को अभियान के रूप में संचालित कर तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी पात्र हितग्राहियों की समग्र आईडी बनवाना सुनिश्चित करें।

# वासुकीनाथ बाबा का दिव्य अभिषेक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

चैत्र सुदी पंचमी एवं पावन नवरात्रि के दिव्य संयोग में शिव शक्ति वासुकी धाम, स्नेह नगर (८० फीट रोड) में वासुकीनाथ बाबा का भव्य, अलौकिक एवं आध्यात्मिक अभिषेक हवन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और दिव्य ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। मंत्रों की पवित्र ध्वनि, धूप-दीप की सुगंध और भक्तों की आस्था ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक चेतना से ओतप्रोत कर दिया।इस पुण्य अनुष्ठान का संचालन विद्वान आचार्यों पंडित जगदीशचंद्र शर्मा, पंडित प्रवीण शर्मा एवं पंडित दीपक शर्मा के सान्निध्य में हुआ, जिन्होंने वैदिक विधि-विधान से अभिषेक एवं हवन संपन्न कराया।

कार्यक्रम के मुख्य यजमान मोतीलाल पिरोदिया रहे। सह-लाभार्थियों में रवि पाटीदार (मनासा खुर्द), समरथ पांचाल, शुभ दशोत्तर, भगवती शंकर रावल, योगेन्द्र सिंह राठौड़, मुकेश पांचाल, कमल राठौड़, शंकरलाल अंजना, दिलीप प्रजापत, अर्पित मेहरा, राजेश सुराणा एवं हेमन्त मूणत सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सहभागी बनकर हवन-पूजन का पुण्य लाभ अर्जित किया।

प्रातः काल में वासुकीनाथ बाबा का अभिषेक दूध, दही, पंचगव्य एवं पवित्र जल से विधिपूर्वक किया गया। धार्मिक मान्यता है कि बाबा के चरणों में अर्पित जल की प्रत्येक बूंद जीवन के समस्त दुःख, रोग, भय और मानसिक अशांति को हरकर श्रद्धालु के जीवन में नई ऊर्जा, आत्मबल और सकारात्मक परिवर्तन का संचार करती है।स्नेह नगर विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती चेतना पाटीदार ने बताया कि वासुकीनाथ बाबा की असीम कृपा से यहां प्रतिमाह उजियारी पंचमी एवं प्रत्येक रविवार को विशेष पूजन-अभिषेक आयोजित होता है। इन आयोजनों से अनेकों श्रद्धालुओं ने चमत्कारी अनुभव प्राप्त कर अपने जीवन में सुख, शांति और संतुलन का अनुभव किया है।

भक्तों की गहरी आस्था है कि बाबा के अभिषेक से कालसर्प दोष, पितृ दोष, नकारात्मक शक्तियों का प्रभाव, पारिवारिक तनाव एवं मानसिक कष्ट स्वतः शांत हो जाते हैं। श्रद्धालु सफेद पुष्प एवं नारियल अर्पित कर तीन परिक्रमा करते हुए अपनी मनोकामनाएं व्यक्त करते हैं, जो बाबा की कृपा से शीघ्र पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख, समृद्धि एवं मंगल ऊर्जा का वास होता है। इस अवसर पर सूखे नारियल को अपने ऊपर से तीन बार उतारकर हवन कुंड में समर्पित करने की विशेष व्यवस्था भी की गई, जिसे नकारात्मक शक्तियों के शमन एवं जीवन में शुभता लाने का प्रभावी आध्यात्मिक उपाय माना जाता है। यह दिव्य आयोजन न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान रहा, बल्कि समाज में आस्था, एकता, सकारात्मकता और आध्यात्मिक जागरण का प्रेरक संदेश देकर हर हृदय में विश्वास की नई ज्योति प्रज्वलित कर गया।

## ग्रामवासियों की मंशानुरूप सड़कों का होगा निर्माण-विधायक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद

बड़वाह विधानसभा के सनावद,बड़वाह और बेड़िया क्षेत्र के ग्रामवासियों की मंशानुरूप मुख्यमंत्री मंजरा टोला सड़क योजना के अंतर्गत 42सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव मप्र शासन को प्रेषित किए गए हैं। यह जानकारी देते हुए विधायक सचिन बिरला ने बताया कि बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के दौरे के समय सनावद,बड़वाह और बेड़िया ग्रामीण मंडलों के  ग्रामवासियों ने सुचारु आवागमन के लिए सड़कों के निर्माण की आवश्यकता बताई है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने संपूर्ण प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और समृद्धि की नई इबारत लिखने के लिए मुख्यमंत्री मंजरा टोला सड़क योजना का क्रियान्वयन शुरू किया है। इस योजना के तहत वर्षों से सड़क निर्माण की बाट जोह रहे सुदूरवर्ती ग्रामवासियों का सड़कों का स्वप्न साकार होगा।विधायक ने बताया कि मंजरा टोला सड़क योजना के अंतर्गत सनावद ग्रामीण मंडल के ग्राम खेड़ी से इंदौर-इच्छापुर हाईवे तक 0.909 किमी,सताजना राहड़कोट रोड से कालबरड़ तक 0.66 किमी, इंदौर-इच्छापुर रोड से राप्या थाप्या बेड़ा तक 1.175 किमी,मोखनगांव से कान्हा गौशाला तक 0.759 किमी सड़क निर्माण का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है।

## नवोदय विद्यालय में  प्रज्ञा का चयन

**बुरहानपुर।** शासकीय प्राथमिक कन्या शाला बिरोदा की छात्रा कु. प्रज्ञा किरण तायडे का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर पालको ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसका श्रेय शाला के शिक्षक सीमा महाजन एवं सुमित्रा महाजन को दिया। विद्यालय परिवार ने छात्रा को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। छात्रा कु. प्रज्ञा तायडे का नवोदय विद्यालय में चयन होना समस्त क्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है।

## जिला बाल कल्याण संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक का हुआ आयोजन

**आलीराजपुर।** कलेक्टर सभागृह में आज जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया,जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की द्वारा की गई। बैठक का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया, जिसमें जिले में बच्चों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की गई।बैठक में स्पॉन्सरशिप योजना, फास्टर केयर योजना, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना, मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सहायता योजना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इन योजनाओं के माध्यम से असहाय, अनाथ और अभिभावकविहीन बच्चों के पुनर्वास,शिक्षा और संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने कहा कि बैठक का उद्देश्य केवल औपचारिकता नहीं होना चाहिए, बल्कि इससे जुड़े सभी विभागों और समितियों को बच्चों के कल्याण हेतु जिम्मेदारी से कार्य करना चाहिए।



# धुरंधर 2 मुंबई 26/11 हमलों का निजी बदला है

## अर्जुन रामपाल बोले- उस दर्द को परदे पर उतारा, जिसे सालों से महसूस कर रहा था

बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल ने अपनी फिल्म धुरंधरः द रिवेंज को लेकर कहा है कि यह फिल्म उनके लिए सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि 26/11 मुंबई आतंकी हमलों का निजी बदला है।

द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक अर्जुन रामपाल ने बताया कि 26 नवंबर 2008 का दिन उनके जीवन का सबसे भयावह दिन था। यह उनका 36वां जन्मदिन था और वह दोस्तों के साथ जश्न मनाने निकले थे। पहले वे वर्ली के एक होटल में रुके, जहां अचानक धमाके की आवाज सुनाई दी। शुरुआत में लगा कि कोई गैंगवार हुआ है, लेकिन कुछ ही देर में पूरे शहर में आतंक फैल गया। उन्होंने बताया कि होटल को तुरंत बंद कर दिया गया और सभी को अंदर रहने के निर्देश दिए गए। बाहर हालात बेहद खराब थे। रामपाल ने कहा, मेरे जन्मदिन पर मैंने 26/11 की भयावहता अपनी आंखों से देखी। इस घटना का उन पर गहरा मानसिक असर पड़ा। अगले दिन घर लौटते समय उन्हें कई बार गाड़ी रोकनी पड़ी, क्योंकि उनकी तबीयत खराब हो रही थी। जब निर्देशक आदित्य दर ने उन्हें धुरंधर की कहानी सुनाई, तो 26/11 से जुड़ा सीन सुनते ही उन्होंने फिल्म करने का फैसला कर लिया। रामपाल के मुताबिक, उसी समय उन्हें लगा कि यह उनके अंदर की पीड़ा और गुस्से को बाहर निकालने का मौका है। फिल्म में रामपाल मेजर इकबाल का किरदार निभा रहे हैं, जो 26/11 हमलों के मास्टरमाइंड के रूप में दिखाया गया है। इस किरदार के जरिए उन्होंने उस दर्द को अभिनय में उतारा, जिसे वे सालों से महसूस कर रहे थे। धुरंधरः द रिवेंज एक स्पाई-थ्रिलर फिल्म है, जिसमें रणवीर सिंह समेत कई बड़े कलाकार नजर आए हैं। फिल्म की कहानी आतंकवाद और उसके खिलाफ बदले की भावना पर आधारित है, जो दर्शकों से भावनात्मक रूप से जुड़ रही है।

### आलाया एफ का नया फिटनेस चैलेंज

# 97 दिनों तक दिन में दो वर्कआउट और नो अल्कोहल का संकल्प



बॉलीवुड एक्ट्रेस अलाया एफ एक बार फिर अपने फिटनेस और डेडिकेशन को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में लेकमी फैशन वीक एफडीसीआई 2026 में शानदार रैंप वॉक के बाद आलाया ने अब अपने नए और कठिन फिटनेस चैलेंज का खुलासा किया है, जिसने फैंस को हैरान कर दिया है।

फैशन वीक में सिद्धार्थ चक्रवर्ती और कल्की कोचलिन के साथ रैंप शेयर करने के बाद आलाया ने बताया कि वह अब 97 डे हार्ड चैलेंज लेने की तैयारी कर रही हैं। यह चैलेंज उनके पहले पूरे किए गए 75 हार्ड चैलेंज से भी ज्यादा कठिन माना जा रहा है।

इस फिटनेस चैलेंज के तहत आलाया को रोजाना दो बार वर्कआउट करना होगा, जिसमें एक सेशन आउटडोर होगा। इसके अलावा उन्हें प्रतिदिन लगभग चार लीटर पानी पीना होगा, रोज कम से कम 10 पेज पढ़ने होंगे और सबसे खास बात–पूरे 97 दिनों तक न तो कोई चीट मील और न ही अल्कोहल का सेवन किया जाएगा। यह एक सख्त रूटीन है जिसमें किसी भी तरह की ढील की गुंजाइश नहीं होती।

आलाया ने बताया कि उन्हें खुद को चुनौती देना पसंद है और वह परफेक्शन में विश्वास रखती हैं। उनके अनुसार यह सिर्फ फिजिकल फिटनेस नहीं बल्कि मेंटल स्ट्रेंथ को भी मजबूत करने का तरीका है। उन्होंने कहा कि इस तरह के चैलेंज व्यक्ति को अनुशासन और निरंतरता सिखाते हैं।



फैशन वीक के दौरान आलाया का लुक भी काफी चर्चा में रहा। उन्होंने ऑरेंज ब्रालेट, क्रॉप्ड टी-शर्ट और डेनिम के साथ स्पोर्टी और एज्डी स्टाइल अपनाया, जिसे उन्होंने पूरी तरह से खुद जैसा बताया। उन्होंने कहा कि फैशन वीक में अक्सर एक्सपेरिमेंटल लुक्स देखने को मिलते हैं, लेकिन इस बार उनका स्टाइल उनकी पर्सनालिटी को दर्शा रहा था।

ऑफ-ड्यूटी स्टाइल के बारे में बात करते हुए आलाया ने बताया कि उन्हें सिंपल और कंफर्टेबल फैशन पसंद है। उनके समर लुक में व्हाइट टी-शर्ट, डेनिम शॉर्ट्स, सनग्लासेस और कैप शामिल होते हैं।

वर्क फ्रंट की बात करें तो आलाया जल्द ही फिल्म स्टॉर्म में नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ साबा आजाद भी होंगी। इस फिल्म को रितेश रोशन प्रोड्यूस कर रहे हैं। आलाया ने इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह जताते हुए कहा कि उन्हें इस फिल्म की शूटिंग के दौरान बेहतरीन अनुभव मिला और वह इसे लेकर काफी एक्साइटेड हैं।

कुल मिलाकर, आलाया एफ का यह नया फिटनेस चैलेंज उनके अनुशासन और मेहनत को दर्शाता है, जो उन्हें बाकी कलाकारों से अलग बनाता है।



# भूत बंगला का 'तू ही दिसदा' सॉन्ग टीजर रिलीज

### अक्षय-वामिका की रोमांटिक केमिस्ट्री दिखी; अरिजीत सिंह की आवाज में फिल्म का दूसरा ट्रैक

अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की फिल्म ह्यभूत बंगलाह्न के नए लव ट्रैक 'तू ही दिसदा' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। टीजर में अक्षय कुमार और वामिका गब्बी की रोमांटिक केमिस्ट्री नजर आ रही है।

गाने में अरिजीत सिंह और निकिता गांधी की आवाज वाले इस गाने में खूबसूरत लोकेशन्स और प्यारी लव स्टोरी की झलक दिखाई गई है। अरिजीत सिंह की आवाज में रोमांटिक ट्रैक फिल्म के पहले गाने 'राम जी आके भला करेंगे' की सफलता के बाद मेकर्स ने अब फिल्म का रोमांटिक पहलू पेश किया है। 'तू ही दिसदा' गाने के विजुअल्स में झरने, घने जंगल और खूबसूरत पहाड़ों के नजारे दिखाए गए हैं। वामिका गब्बीअक्षय कुमार के साथ पहली बार स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी और उनकी जोड़ी काफी 'नेचुरल' लग रही है। गाने में अरिजीत सिंह की सुकून देने वाली आवाज इस गाने को और खूबसूरत बना रही है। 14 साल बाद साथ आए अक्षय-प्रियदर्शन 'भूत बंगला' साल 2026 की बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह अक्षय कुमार और डायरेक्टर प्रियदर्शन का 14 साल बाद साथ आना है। इस जोड़ी ने पहले 'हेरा फेरी', 'भूल भुलैया' और 'गरम मसाला' जैसी कल्ट क्लासिक कॉमेडी फिल्में दी हैं। फैंस एक बार फिर बड़े पर्दे पर उसी पुराने स्टाइल का ह्यूमर और एंटरटेनमेंट देखने का इंतजार कर रहे हैं। पुरानी कॉमेडी कास्ट की वापसी फिल्म में सिर्फ अक्षय ही नहीं, बल्कि प्रियदर्शन की पसंदीदा कॉमेडी टीम भी वापस लौट रही है।

# रश्मिका मंदाना-विजय देवरकोंड़ा ने थाईलैंड में बिताए रोमांटिक पल

## हनीमून के लिए बड़े रिसॉर्ट की बजाय प्राइवेट विला में ठहरे, शादी के बाद प्यारी झलक दिखी









साउथ सिनेमा के चर्चित कपल रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंड़ा की शादी के बाद की पहली तस्वीरें और वीडियो अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। दोनों ने शादी के बाद थाईलैंड के खूबसूरत कोह समुई में अपना हनीमून एन्जॉय किया।

हनीमून के लिए चुना गया प्राइवेट विला रश्मिका और विजय ने बड़े रिसॉर्ट के बजाय एक प्राइवेट विला में ठहरना पसंद किया। इस विला की लोकेशन समुद्र के पास थी और वहां हरियाली, खुली छत और शांत वातावरण था। तस्वीरों में दोनों हाथ में हाथ डाले, मुस्कुराते और रोमांटिक पलों का आनंद लेते नजर आए।

**शादी का जश्न और फैंस का प्यार-** यह कपल पहले उदयपुर में अपनी शादी के जश्न में शामिल हुआ था। 26 फरवरी को उन्होंने एक शानदार समारोह में सात फेरे लिए, जिसमें परिवार और करीबी दोस्तों के अलावा इंडस्ट्री के कई बड़े नाम उपस्थित थे। शादी हजारों फैंस और मीडिया के लिए एक यादगार क्षण बनी रही। शादी की तस्वीरों और वीडियो के साथ सोशल मीडिया पर फैंस ने कपल को ह्यपरफेक्ट जोड़ीह्न बताया। शादी के बाद से ही फैंस दोनों की हनीमून तस्वीरों के लिए उत्साहित थे।

**सोशल मीडिया पर वायरल रोमांटिक तस्वीरें-** फैंस ने दोनों की हनीमून तस्वीरों को खूब लाइक और शेयर किया। तस्वीरों में रश्मिका पीली ड्रेस में और विजय साधारण टी-शर्ट और पैंट में दिखे। फैंस ने लिखा कि यह कपल स्क्रीन के बाहर भी उतना ही प्यारा है जितना उनकी फिल्मों में लगता है। कई यूजर्स ने यह भी कहा कि यह तस्वीरें शादी के बाद की सबसे प्यारी झलकियां हैं।

**काम में भी व्यस्त दोनों सितारे-** हालांकि हनीमून के बाद रश्मिका मंदाना शूटिंग में लौट चुकी हैं। उनकी आने वाली फिल्मों की शूटिंग फिर से शुरू हो गई है। विजय देवरकोंड़ा भी अपने प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। दोनों ने अपनी निजी और पेशेवर जिंदगी को संतुलित तरीके से संभाला है।


## कोहली ने लंदन के लिए चार्टर्ड-फ्लाइट वाली खबर को नकारा

# मैंने आरसीबी से ऐसी कोई डिमांड नहीं की

### इंस्टाग्राम पर हंसने वाली इमोजी लगाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली






आईपीएल 2026 से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज विराट कोहली ने लंदन आने-जाने के लिए चार्टर्ड फ्लाइट मांगने की खबरों को खारिज कर दिया है। उन्होंने इन रिपोर्ट्स को अफवाह बताते हुए इंस्टाग्राम पर हंसने वाले इमोजी के साथ प्रतिक्रिया दी।

पिछले कुछ दिनों से यह चर्चा जोरों पर थी कि कोहली ने फ्छइ मैनेजमेंट के सामने एक खास शर्त रखी है। इन रिपोर्ट्स में कहा गया था कि अगर दो मैचों के बीच 3 दिन से ज्यादा का गैप होता है, तो कोहली चार्टर्ड फ्लाइट से लंदन अपने परिवार के पास जाएंगे और मैच से पहले वापस लौट आएंगे।

**इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की रिपोर्ट, लाफिंग इमोजी लगाई–** विराट कोहली ने इन दावों वाली एक न्यूज रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट अपनी स्टोरी पर शेयर किया और साथ में लाफिंग इमोजी (हंसने वाली इमोजी) लगाई। कोहली पिछले कुछ समय से अपने परिवार के साथ लंदन में ही वक्त बिता रहे हैं।

**28 मार्च को पहला मैच हैदराबाद से–** आईपीएल 2026 का आगाज 28 मार्च से होगा, जहां डिफेंडिंग चैंपियन टीम बेंगलुरु में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलेगी। पिछले सीजन में पहली बार खिताब जीतने वाली फ्छइ इस बार भी कोहली के बल्ले से रनों की बारिश की उम्मीद कर रही है। कोहली 18 सालों से इसी फ्रेंचाइजी के साथ जुड़े हुए हैं।

**आईपीएल में 9,000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन सकते हैं–** इस सीजन में विराट कोहली कई बड़े कीर्तिमान अपने नाम कर सकते हैं। वे आईपीएल इतिहास में 9,000 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बनने की दहलीज पर हैं। वर्तमान में कोहली के नाम 267 मैचों में 8,661 रन दर्ज हैं, जिसमें 8 शतक और 63 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा, वे किसी एक टी-20 टीम (आरसीबी) के लिए 10,000 रन (आईपीएल और चैंपियंस लीग मिलाकर) पूरे करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी भी बन सकते हैं। अभी उनके नाम 282 मैचों में 9,085 रन हैं।

**14,000 रनों के क्लब में शामिल होने का मौका–** विराट कोहली टी-20 फॉर्मेट के ओवरऑल रिकॉर्ड्स में भी बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। वे टी-20 क्रिकेट में 14,000 रन बनाने वाले पांचवें बल्लेबाज बन सकते हैं। अब तक केवल क्रिस गेल (14,562), कीरोन पोलार्ड (14,482), एलेक्स हेल्स (14,449) और डेविड वॉर्नर (14,028) ही इस आंकड़े तक पहुंच पाए हैं। कोहली के अभी 414 मैचों में 13,543 रन हैं।

**पिछले सीजन में भी रहा था शानदार प्रदर्शन–** आईपीएल 2025 में भी विराट कोहली का बल्ला खूब चला था। उन्होंने 15 पारियों में 54.75 की औसत और 144.71 की स्ट्राइक रेट से 657 रन बनाए थे। वे अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे और पूरे टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर थे।

## आकाशदीप की जगह सौरभ दुबे केकेआर में शामिल हुए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2026 के लिए सौरभ दुबे को टीम में शामिल किया है। 28 साल के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज दुबे, आकाश दीप की जगह लेंगे। आकाश चोट के कारण पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। सौरभ दुबे विदर्भ के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं और इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद टीम का हिस्सा रह चुके हैं, लेकिन अभी तक आईपीएल में डेब्यू नहीं कर पाए हैं। पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता सुब्रतो बनर्जी ने दुबे को प्रतिभाशाली गेंदबाज बताया। उन्होंने कहा कि दुबे गेंद से स्विंग कराने के साथ पिच से अतिरिक्त उछाल भी हासिल करते हैं। बनर्जी ने 2019 में राहुल द्रविड़ के साथ बांग्लादेश दौरे के दौरान उन्हें करीब से देखा था, जब वे आईसीसी इमर्जिंग टीम्स एशिया कप टीम में थे।

## पाकिस्तानी लीग में दर्शकों की एंट्री बैन, ओपनिंग सेरेमनी नहीं होगी



### टूर्नामेंट 2 शहरों में होगा; पीसीबी चीफ बोले- यह खर्च कटौती अभियान का हिस्सा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कराची

पाकिस्तान ने खर्च कटौती अभियान के तहत अब पाकिस्तान सुपर लीग 2026 में दर्शकों की स्टेडियम में एंट्री नहीं होगी। इसके साथ ही टूर्नामेंट के सभी मैच सिर्फ लाहौर और कराची में खेले जाएंगे। 26 मार्च से शुरू होने वाली लीग की ओपनिंग सेरेमनी भी रद्द कर दी गई है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने बताया कि इस पर प्रधानमंत्री और सुरक्षा एजेंसियों के साथ चर्चा के बाद निर्णय लिया गया। नकवी ने कहा, सरकार ने मौजूदा आर्थिक स्थिति को देखते हुए लोगों की आवाजाही सीमित रखने की सलाह दी है। ऐसे में स्टेडियम में हजारों दर्शकों को लाना सही नहीं था, इसलिए मैच खाली स्टेडियम में कराने का फैसला किया गया। दरअसल, ईरान जंग के कारण पूरे एशिया में तेल संकट गहरा गया है। कच्चे तेल के रेट दोगुने होने से पाकिस्तान सरकार को पेट्रोल-डीजल महंगा पड़ रहा है, लेकिन सरकार ने इसके मुताबिक रेट नहीं बढ़ाए हैं, जिससे बढ़ी कीमतों का असर सरकारी खजाने पर पड़ रहा है। पहले पीएसएल के मैच 6 शहरों में होने थे, लेकिन अब यात्रा और संसाधनों को कम करने के लिए इसे सिर्फ दो शहरों तक सीमित कर दिया गया है। फैसलाबाद, पेशावर और रावलपिंडी समेत अन्य शहरों में होने वाले मैच रद्द कर दिए गए हैं। नकवी ने पेशावर के लोगों से माफी भी मांगी और भविष्य में वहां मैच कराने का भरोसा दिया।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









## भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले

# 94.01 के नए निचले स्तर पर बंद




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया सोमवार को 48 पैसे टूटकर 94.01 के नए ऐतिहासिक निचले स्तर (अस्थायी) पर बंद हुआ है। अर्थव्यवस्था और आम आदमी पर इसके असर की विस्तृत जानकारी के लिए पूरी खबर पढ़ें।

सोमवार को भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। यह 50 पैसे की गिरावट के साथ 94.03 पर बंद हुआ। रुपये ने पहली बार 94 का आंकड़ा पार किया है। वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और विदेशी फंड का लगातार बहिर्वाह निवेशकों के लिए चिंता का विषय बना। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से रुपये पर दबाव बढ़ा। घरेलू शेयर बाजारों में तेज गिरावट ने भी स्थानीय मुद्रा को कमजोर किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 93.84 पर खुला था। दिन भर इसमें गिरावट जारी रही। यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94 के स्तर को पार कर गया। अंततः यह पिछले बंद भाव से 50 पैसे गिरकर 94.03 पर बंद हुआ। शुक्रवार को रुपया 64 पैसे गिरकर 93.53 पर बंद हुआ था। तब इसने पहली बार 93 का आंकड़ा पार किया था।

**गिरावट के प्रमुख कारण क्या हैं-** मिराए एसेट शेयरखान के रिसर्च एनालिस्ट अनुज चौधरी ने बताया कि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ा है। कमजोर घरेलू बाजारों के कारण भी रुपये पर दबाव रहा। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि एक बड़ा कारण रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों का बहिर्वाह भी रुपये के लिए नकारात्मक रहा। उन्होंने कहा कि बिगड़ती वैश्विक भावनाएं रुपये को दबाव में रख सकती हैं।

## एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के अचानक इस्तीफे के बाद

# शेयर बाजार में 1.52 लाख करोड़ का नुकसान

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के अचानक इस्तीफे के बाद पूरे बाजार की इस पर नजर बनी हुई है। इस प्रकरण पर सेबी से क्या अपडेट आया है? शेयर बाजार पर इसके प्रभाव और 1.52 लाख करोड़ के नुकसान की पूरी जानकारी के लिए खबर पढ़ें।

देश के दूसरे सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक में नेतृत्व का संकट गहरा गया है। बैंक के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष अतनु चक्रवर्ती के अचानक इस्तीफे ने कॉर्पोरेट जगत में हलचल मचा दी है। इस विवाद से बैंक के शेयरों को भारी नुकसान पहुंचा है। पूंजी बाजार नियामक सेबी को भी इस मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा है। सेबी ने पूरे घटनाक्रम पर अपनी पैनी नजर बनाए रखी है। यह स्थिति बैंक के प्रबंधन और भविष्य को लेकर कई सवाल खड़े कर रही है। अतनु चक्रवर्ती का इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब बैंक कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। इस पूरे मामले को अब विस्तार से समझने की आवश्यकता है।

**सवाल: एचडीएफसी बैंक में अचानक यह विवाद क्यों खड़ा हुआ?**

**जवाब:** बैंक के अंतरिम चेयरमैन और स्वतंत्र निदेशक अतनु चक्रवर्ती ने 18 मार्च 2026 को तत्काल प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। 17 मार्च को गवर्नेंस, नॉमिनेशन और रेमुनरेशन कमेटी के चेयरमैन एच के भनवाला को लिखे पत्र में उन्होंने इसका कारण 'मूल्य और नैतिकता' बताया। चक्रवर्ती ने लिखा कि पिछले दो वर्षों में बैंक के भीतर होने वाली कुछ गतिविधियां और प्रथाएं उनके व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता के अनुरूप नहीं थीं। यह पहली बार है जब एचडीएफसी बैंक के किसी पार्ट-टाइम चेयरमैन ने बीच में ही पद छोड़ा है, जिससे बैंक के कामकाज पर चिंताएं बढ़ गई हैं।

**सवाल: इस इस्तीफे पर बैंक प्रबंधन और नए अंतरिम चेयरमैन की क्या प्रतिक्रिया है?**

**जवाब:** बैंक प्रबंधन ने इस इस्तीफे को 'हैरान करने वाला' 'बताया है, क्योंकि बार-बार अनुरोध करने के बावजूद पूर्व नौकरशाह चक्रवर्ती ने कोई विशिष्ट उदाहरण नहीं दिया। इस्तीफे के बाद अंतरिम चेयरमैन नियुक्त किए गए एचडीएफसी बैंक समूह के दिग्गज केकी मिस्त्री ने कहा कि चक्रवर्ती और कार्यकारी नेतृत्व के बीच 'संबंधों के मुद्दे' हो सकते हैं। हालांकि, मिस्त्री ने स्पष्ट किया कि उन्हें इस इस्तीफे के पीछे कोई 'ठोस' चिंता नहीं दिखी है और बैंक का संचालन व प्रशासन पूरी तरह स्थिर है।

**सवाल: इस मामले में बाजार नियामक सेबी का क्या रुख है?**

**जवाब:** सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने सोमवार को साफ किया कि स्वतंत्र निदेशकों को जिम्मेदारी से काम करना चाहिए और बिना उचित सबूत और रिकॉर्डिंग के कोई भी आक्षेप नहीं लगाना चाहिए। बोर्ड बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए पांडे ने कहा कि स्वतंत्र निदेशक अल्पसंख्यक शेयरधारकों के हितों के रक्षक होते हैं और उन्हें चीजों को 'अस्पष्ट' नहीं रखना चाहिए। उन्होंने यह भी घोषणा की कि सेबी इस मामले के सभी पहलुओं की जांच करेगा और सभी तथ्यों को सामने लाएगा।

**सवाल: इस पूरे विवाद का शेयर बाजार और निवेशकों पर क्या असर पड़ा?**

**जवाब:** इस विवाद के कारण निवेशकों में चिंता फैल गई और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई।




- तीन दिनों के भीतर बैंक के शेयरों में लगभग 12 प्रतिशत की गिरावट आई है।
- सोमवार को बीएसई पर यह हेवीवेट स्टॉक 4.70 प्रतिशत गिरकर 743.75 रुपये पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 5 प्रतिशत टूटकर 52-सप्ताह के निचले स्तर 740.95 रुपये तक चला गया था।
- एनएसई पर स्टॉक 4.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ 744.15 रुपये पर बंद हुआ।
- इस 11.76 प्रतिशत की गिरावट के बाद कंपनी के बाजार मूल्यांकन में 1,52,064.22 करोड़ रुपये की भारी कमी आई है, जिससे यह घटकर 11,44,778.71 करोड़ रुपये रह गया है।
- यह पूरा घटनाक्रम भारतीय कॉर्पोरेट जगत के लिए एक बड़ा विषय बन गया है। सेबी की जांच से ही स्पष्ट हो पाएगा कि चक्रवर्ती की 'नैतिकता' संबंधी चिंताओं में कितनी सच्चाई है। फिलहाल, निवेशकों और बाजार की नजरें सेबी की जांच रिपोर्ट और बैंक के आगामी कदमों पर टिकी रहेंगी।

## सर्राफा बाजार में भूचाल

# दिल्ली में सोना 9050 और चांदी 10500 धड़ाम



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

दिल्ली सरार्फा बाजार में सोने की कीमत में 9,050 रुपये और चांदी में 10,500 रुपये की भारी गिरावट दर्ज की गई है। पश्चिम एशिया विवाद और ब्याज दरों के असर की पूरी खबर जानने के लिए अभी पढ़ें।
सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई। कमजोर घरेलू मांग और वैश्विक रुझानों के कारण यह गिरावट आई है। सोना 9,050 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता हुआ, जबकि चांदी 10,500 रुपये प्रति किलोग्राम गिरी। ऑल इंडिया सरार्फा एसोसिएशन के अनुसार 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 9,050 रुपये गिर गया। यह लगभग छह फीसदी की गिरावट है। अब सोने का भाव 1,43,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। शुक्रवार को इसका बंद भाव 1,52,650 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी भी 10,500 रुपये की तेज गिरावट के साथ 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। यह 4.36 फीसदी की गिरावट दशार्ती है। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। बहुमूल्य धातुओं ने पिछले सप्ताह के नुकसान को आगे बढ़ाया है। सोमवार को हाजिर सोना चार महीने के निचले स्तर पर फिसल गया।
**गिरावट के प्रमुख कारण क्या-** एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के सीनियर एनालिस्ट सौमिल गांधी ने गिरावट के कई कारण बताए हैं। उन्होंने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को एक मुख्य वजह बताया। इस तनाव से कच्चे तेल की कीमतें ऊपर चढ़ी हैं। इससे मुद्रास्फीति संबंधी चिंताएं भी बढ़ गई हैं।

## एमएसई : सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए ऋण गारंटी योजना में बदलाव

# मशीनरी की लागत पर अब 75 नहीं 60% का कैप

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगों, विनिमार्ताओं और निर्यातकों को बढ़ावा देने के लिए म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी स्कीम में बड़े बदलाव किए हैं। इसके तहत ऋण की आसान शर्तों, नए नियमों और कारोबार पर इसके प्रभाव की पूरी रिपोर्ट अभी पढ़ें।

वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एमएसएमई के लिए ऋण गारंटी योजना में बदलाव का एलान किया है। यह योजना सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए है। यह संशोधन विनिमार्ताओं और निर्यातकों का समर्थन देने के उद्देश्य से किया गया है। संशोधित योजना में चौथे वर्ष के बाद किस्तों में पांच फीसदी अग्रिम योगदान की अनुमति है। एनसीजीटीसी ने 24 फरवरी, 2026 से इस योजना को लागू कर दिया है।

संशोधित योजना में सेवा क्षेत्र को भी शामिल किया गया है। उपकरण या मशीनरी की लागत को परियोजना लागत के 75 फीसदी से घटाया गया है। अब यह 60 फीसदी कर दी गई है। पहले यह सीमा 75 फीसदी थी। नई योजना के अनुसार, ऋण गारंटी 10 साल बाद समाप्त हो जाएगी। पुरानी योजना में इसकी कोई निश्चित अवधि नहीं थी। योजना का उद्देश्य एमएसएमई को संयंत्र और मशीनरी/उपकरण खरीदने के लिए ऋण उपलब्ध कराना है। इससे भारत के विनिर्माण और निर्यात क्षेत्र को बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यह 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण को प्राप्त करने में सहायक होगा।

**पात्रता और ऋण सीमा के बारे में क्या अपडेट-** इस योजना का लाभ उन लाभदायक इकाइयों को मिलेगा। जिन्होंने पिछले तीन वित्तीय वर्षों में अपने बिक्री कारोबार का कम से कम 25 फीसदी निर्यात किया है। उन्हें कुछ निर्यात प्राप्ति शर्तों को भी पूरा करना होगा। गारंटीकृत ऋण राशि 20 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। अग्रिम योगदान ऋण राशि का दो फीसदी होगा। यह अधिकतम 40 लाख रुपये तक हो सकता है। गारंटी अवधि के चौथे और पांचवें वर्ष में एक-एक फीसदी राशि वापसी योग्य होगी।




### गारंटी कवरेज के बारे में क्या कहा गया?

गारंटी कवरेज चूक की राशि का 75 फीसदी होगा। पहले वर्ष के लिए गारंटी शुल्क 'शून्य' रहेगा। उसके बाद हर साल बकाया ऋण का 0.50 फीसदी शुल्क लिया जाएगा। यह योजना जनवरी 2025 में शुरू की गई थी। इसके तहत सदस्य ऋणदाता संस्थानों (एमएलआई) को ऋण सुविधाएं मिलती हैं। 100 करोड़ रुपये तक की इन सुविधाओं के लिए गारंटी कवरेज मिलता है। यह कवरेज 60 फीसदी तक प्रदान किया जाता है।

### देश की जीडीपी में एमएसएमई का कितना योगदान?

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30 फीसदी का योगदान करते हैं। ये देश के कुल निर्यात में 45 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी रखते हैं। एमएसएमई 35 करोड़ से अधिक श्रमिकों को रोजगार भी प्रदान करते हैं। इन संशोधनों से निर्यातक एमएसएमई सहित सभी एमएसएमई के लिए ऋण की उपलब्धता बढ़ेगी।

## अमेरिका ने लिया प्रतिबंध पर यू-टर्न

# ईरान से पाबंदी हटने पर भारत का कम हो सकता है तेल संकट

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

ईरानी तेल पर लगे प्रतिबंध हटाए जाने को अमेरिकी नीति में बड़ा यू-टर्न माना जा रहा है, क्योंकि अब तक वॉशिंगटन ईरान के तेल निर्यात पर सख्त प्रतिबंध बनाए हुए था। युद्ध के कारण शिपिंग और उत्पादन पर पड़े असर से दुनिया भर में ऊर्जा कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे अमेरिका पर दबाव बढ़ा है कि वह वैकल्पिक आपूर्ति के स्त्रोत तलाशे।

अमेरिका द्वारा ईरान के तेल निर्यात पर पाबंदी हटाने के ऐलान से वैश्विक तेल संकट कम करने में मदद मिल सकती है। भले ही यह सीमित वक्त के लिए हो, लेकिन मुश्किल हालात में इससे अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल के दामों को कम करने में मदद मिलेगी। भारत को भी अपने ऊर्जा संकट से निपटने में इस फैसले कुछ राहत मिल सकती है। इसकी एक वजह यह भी है कि भारत की तेल रिफाइनरियों के पास कच्चे तेल को प्रोसेस करने की उच्च तकनीक व लॉजिस्टिक क्षमता है और वे काफी समय से रूसी तेल को प्रोसेस करने में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। इस बीच में अमेरिका ने कुछ वक्त के लिए ईरान के तेल निर्यात पर प्रतिबंध हटाने की बात कही है। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय अभी पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं क्योंकि अमेरिका की ओर से खरीद शर्तें अभी स्पष्ट होनी हैं। इसके बाद भारत की तेल रिफाइनारियां खरीद का निर्णय करेंगी। इस वक्त ईरान का 140 मिलियन बैरल क्रूड ऑयल समुद्र में जहाजों पर ही है। इसका बड़ा हिस्सा चीन जाना है। पर बड़ी मात्रा अभी बिक्री के लिए है। इसे भारत ही नहीं तेल संकट से गुजर रहे अन्य देश लेने की कोशिश में हैं। पर भारत अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में है। इस्राइल- अमेरिका से युद्धरत ईरान भी भारत से कई तरह का समर्थन चाहता है। इसीलिए उसने स्टेट आफ होर्मुज से भारतीय ऑयल टैंकर को गुजरने की अनुमति दे रखी है। इस समय कच्चे तेल के दाम 156 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गए हैं।

## ईरान जंग पर मोदी बोले- असर लंबा रह सकता है: हमें तैयार रहना होगा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जंग के हालातों पर पीएम मोदी ने पहली बार सार्वजनिक बयान दिया। लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच में उन्होंने कहा कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हमें एकजुट रहना होगा।

पीएम ने कहा- हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। अब हमें फिर से उसी तरह तैयार रहने की आवश्यकता है। धैर्य के साथ, संयम के साथ, शांत मन से हमें हर चुनौती का मुकाबला करना है। यही हमारी पहचान है, यही हमारी ताकत है। पीएम ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि देश में तेल-गैस संकट न हो। इसके लिए 27 की जगह अब 41 देशों से इंपोर्ट कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

तेल-गैस संकट परः पिछले एक दशक में भारत ने संकट के समय के लिए कच्चे तेल के भंडारण को प्राथमिकता दी है। आज हमारे पास 53 लाख मीट्रिक टन से अधिक का रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार है। इसे बढ़ाकर 65 लाख मीट्रिक टन से अधिक करने का काम चल रहा है। हमारी तेल कंपनियां अलग स्टोरेज रखती हैं। संकट की तैयारी को लेकरः इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हमें एकजुट रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। अब हमें फिर से उसी तरह तैयार रहने की आवश्यकता है। धैर्य के साथ, संयम के साथ, शांत मन से हमें हर चुनौती का मुकाबला करना है। यही हमारी पहचान है, यही हमारी ताकत है॥ हमारे पास पर्याप्त अन्न भंडार है। आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त इंतजाम हैं। उस वक्त भी ग्लोबल सप्लाई चेन में कमी आई थी। भारत के किसानों को यूरिया की एक बोरी 300 रुपए से भी कम कीमत में दिलाई गई। तेल गैस फर्टिलाइजर से जुड़े जहाज भारत तक सुरक्षित पहुंचे, इसके लिए सहयोगियों से संवाद कर रहे हैं। संकट की घड़ी में भारतीयों की सुरक्षा हमारी बहुत बड़ी प्राथमिकता रही है।

### मध्यप्रदेश में दो दिन बाद बारिश की संभावना, यूपी में तापमान 10 डिग्री गिरा

# राजस्थान में पूरे मार्च बारिश का अलर्ट जारी

### उज्जैन, ग्वालियर-चंबल में बादल छाए, पारा लुढ़का:26 और 29 मार्च को एक्टिव होंगे दो नए सिस्टम; आंधी-बारिश का अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



देश के पहाड़ी राज्यों में बारिश-बर्फबारी और मैदानी राज्यों में भी हल्की से तेज बारिश का असर है। राजस्थान में एक हफ्ते से बारिश और तेज हवा का असर है। जो मार्च के अंत तक जारी रह सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक 26 से 31 मार्च के बीच राज्य में दो अलग-अलग ?वेदर सिस्टम एक्टिव होंगे।

मध्य प्रदेश में साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम का असर है। इसके कारण राज्य के उज्जैन, सागर, ग्वालियर-चंबल संभाग में बादल छाए। इसके कारण दिन के तापमान में गिरावट आई। 26-27 मार्च से आंधी-बारिश की संभावना है। उत्तर प्रदेश में नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ समेत 10 जिलों में सोमवार को बारिश हुई। यहां तापमान सामान्य से 10त्ड या उससे भी नीचे रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक आज से तापमान 4त्ड-7त्ड तक बढ़ सकता है। 26 मार्च से एक और वेस्टर्न डिस्टर्वेस एक्टिव होगा। इससे 3-4 दिन तक पूरे प्रदेश में दोबारा बारिश हो सकती है।

मध्य प्रदेश के उत्तरी हिस्से यानी, उज्जैन, सागर, ग्वालियर-चंबल संभाग में सोमवार को साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम (चक्रवात) की वजह से बादल छाए रहे। इस वजह से दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। ग्वालियर में पारा 30 डिग्री से नीचे रहा। वहीं, बाकी हिस्से में गर्मी का असर देखने को मिला। मंगलवार को प्रदेश में गर्मी रहेगी। वहीं, 26 और 27 मार्च को आंधी-बारिश का दौर रह सकता है।

(मौसम केंद्र) भोपाल के अनुसार, 26 मार्च को उत्तर-पश्चिमी भारत में नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। जिसका असर 2 दिन तक ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग के जिलों में देखने को मिलेगा।

### आंधी-बारिश थमी तो गर्मी का असर बढ़ा

पिछले दिनों प्रदेश में लगातार चार दिन तक आंधी, बारिश और ओले का दौर जारी रहा था। आंधी-बारिश थमने के बाद अब प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ रहा है। सोमवार को रायसेन में पारा सबसे ज्यादा 38 डिग्री पर पहुंच गया। नर्मदापुरम में 37.4 डिग्री, रतलाम में 36.4 डिग्री, गुना-खरगोन में 36.2 डिग्री, खजुराहो में 36 डिग्री, नरसिंहपुर में 35.4 डिग्री, धार में 35.3 डिग्री, खंडवा में 35.1 डिग्री और उमरिया में 35 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, 5 बड़े शहरों की बात करें तो उज्जैन में सबसे ज्यादा 35 डिग्री, भोपाल में 34.4 डिग्री, इंदौर में 34.9 डिग्री, ग्वालियर में 29.2 डिग्री और जबलपुर में पारा 34.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

29 मार्च को एक और नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो सकता है। यानी, इस बार अप्रैल की शुरूआत आंधी-बारिश के साथ हो सकती है।

### चार दिन में 45 जिलों में आंधी-बारिश का असर

बता दें कि 4 दिन एक्टिव स्ट्रॉन्ग सिस्टम से कुल 45 जिलों में आंधी-बारिश का दौर रहा। इनमें से 17 जिलों में ओले भी गिरे। तेज आंधी की वजह से केला, पपीता और गेहूं की फसलों पर असर पड़ा। ऐसे में अब किसान मुआवजे की मांग उठा रहे हैं। धार, खरगोन समेत कई जिलों में ज्यादा असर रहा।

फरवरी में 4 बार ओले गिरे, मार्च में तीन बार इस बार फरवरी में मौसम का मिजाज चार बार बदला। शुरूआत में ही प्रदेश में दो बार ओले, बारिश और आंधी का दौर रह चुका है। इससे फसलों को खासा नुकसान हुआ था। इसके बाद सरकार ने प्रभावित फसलों का सर्वे भी कराया था। 18 फरवरी से तीसरी बार प्रदेश भीग गया है। 19, 20 और 21 फरवरी को भी असर रहा। फिर चौथी बार 23-24 फरवरी को भी ओले-बारिश का दौर रहा। मार्च में गर्मी के सीजन की शुरूआत हो गई। पहले पखवाड़े में तेज गर्मी वाला मौसम रहा। इसी बीच अब मौसम का मिजाज बदल रहा है। मौसम विभाग की माने तो इस सीजन मार्च में पहली बार स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो गया।

### राजस्थान में मार्च के आखिरी तक जारी रहेगी बारिश



राजस्थान में पिछले सप्ताह शुरू हुआ आंधी-बारिश का दौर मार्च के अंत तक जारी रहेगा। मौसम विभाग ने राज्य में 26 से 31 मार्च के बीच दो अलग-अलग वेदर सिस्टम की संभावना जताई है। हालांकि, आज मौसम साफ रह सकता है। पिछले 24 घंटे में जयपुर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं समेत अन्य जिलों में हल्की बारिश हुई। वहीं, दोपहर में कोटा, बारां, अजमेर समेत अन्य जिलों में बारिश हुई। कोटा में दिन में कुछ स्थानों पर तेज बारिश हुई। जबकि झालावाड़, बारां, सवाई माधोपुर, बूंदी के एरिया में बादल छाए और कहीं-कहीं बूंदाबांदी हुई। जयपुर में सोमवार को सुबह गरज-चमक के साथ कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई। जयपुर शहर में , शाहपुरा में 5 और जालसू में 1 एमएम पानी बरसा। इसके बाद दिन में भी जयपुर में हल्के बादल छाए रहे, जिससे यहां तापमान में 3 डिग्री तक गिरावट हुई। जयपुर में अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 19.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, बीकानेर, गंगानगर के एरिया में 22 मार्च को हुई बारिश के बाद सोमवार को तापमान सामान्य रहा। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर

### लोकसभा सीटें बढ़कर 816 होंगी, महिला सांसदों की संख्या 273 तक पहुंचेगी

# 2029 चुनाव से पहले लागू होगा 33% महिला आरक्षण

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

केंद्र सरकार 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले महिलाओं के लिए 33% आरक्षण लागू करने की तैयारी में है। इसके लिए संसद के मौजूदा सत्र में दो बिल लाए जा सकते हैं।

इसके जरिए महिला आरक्षण लागू करने की मौजूदा शर्त में बदलाव किया जाएगा। इससे लोकसभा में सदस्यों की संख्या 543 से बढ़कर 816 हो सकती है। इनमें महिला सांसदों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या 273 हो जाएगी।

गृहमंत्री अमित शाह ने इस पर सहमति बनाने के लिए सोमवार को एनडीए और गैर-कांग्रेसी विपक्षी दलों के नेताओं के साथ बैठक की। सहमति बनने पर बिल इसी हफ्ते पेश किए जा सकते हैं।

दरअसल, 2023 में महिला आरक्षण कानून संविधान के 106वें संशोधन के रूप में पास हुआ था। इसके तहत महिला आरक्षण नई जनगणना के बाद लागू होना है।

अब सरकार का प्रस्ताव है कि नई जनगणना का इंतजार करने की बजाय 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही परिसीमन किया जाए। इससे प्रोसेस तय समय पर पूरी हो सकेगी और आरक्षण लागू किया जा सकेगा।



19 सितंबर 2023: कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश किया था। सरकार ने इसे नारी शक्ति वंदन विधेयक कहा था।

19 सितंबर 2023: कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश किया था। सरकार ने इसे नारी शक्ति वंदन विधेयक कहा था।

### इस सत्र में 2 बिल लाए जाएंगे, एससी और एसटी कोटा होगा

दो बिलः एक बिल के जरिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन होगा, जबकि दूसरा परिसीमन कानून में बदलाव से जुड़ा होगा। इसे पास कराने के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत जरूरी होगा। इसी वजह से सरकार विपक्ष का समर्थन जुटाने में लगी है।

आरक्षणः प्रस्ताव के मुताबिक 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। आरक्षण का ढांचा ऐसा होगा, जिसमें एससी और एसटी वर्ग की महिलाओं को उनके कोटे के भीतर हिस्सा मिलेगा। ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से प्रावधान फिलहाल शामिल नहीं है। इसी फॉमूर्ले पर राज्यों की विधानसभाओं में भी सीटें बढ़ाने और महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने की योजना है, ताकि पूरे देश में एक जैसा ढांचा रहे।

कांग्रेस से चर्चा बाकीः गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों इसके लिए कई नेताओं से बैठकें की हैं। इनमें वाईएसआर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, एनसीपी (एसपी), आरजेडी और एआईएमआईएम के नेता शामिल रहे। बीजेडी और शिवसेना (यूबीटी) से भी बातचीत हुई है, जबकि कांग्रेस से चर्चा बाकी है। सहमति बनने पर बिल इसी हफ्ते संसद में पेश किए जा सकते हैं।

महिला आरक्षण बिल कानून नहीं बनाः महिला आरक्षण कानून 2023 में संविधान के 106वें संशोधन के रूप में पास हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसकी मंजूरी दे चुकी हैं। लोकसभा में यह बिल लगभग सर्वसम्मति से और राज्यसभा में सर्वसम्मति से पास हुआ था। हालांकि, यह कानून अभी लागू नहीं हुआ है।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण एवं सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूखंडस्वामी मोहम्मद आरिफ पिता मोहम्मद मेहबूब निवासी- 15/2 खुदीराम बोस मार्ग, उज्जैन के एकांकी स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य का भूखंड क्रमांक 02, खुदीराम बोस मार्ग, उज्जैन में है। जिसका कुल क्षेत्रफल 875.00 वर्गफीट है, जो आवासीय उपयोग का है, को क्रय करने का सौदा किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है।

अतः उक्त वर्णित भूखंड पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूखंड में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 3 (तीन) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूखंड का विधिवत विक्रय अनुबंध पत्र तथा विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक- 23-03-2026
स्थान- उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडवोकेट**
**आफिस नंबर - सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर- 99264 66157**

### टेकऑफ के बाद 1.5km दूर गिरा, 114 कोलंबियाई सैनिक और 11 क्रू मेंबर सवार थे

# कोलंबिया में वायुसेना का विमान क्रैश, 34 की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› कोलंबिया

कोलंबिया में सोमवार को एयरफोर्स का हरक्यूलिस उ-130 विमान टेक-ऑफ के दौरान क्रैश हो गया। हादसे में अब तक 34 सैनिकों की मौत हो गई है। वहीं, 70 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। द गार्डियन के मुताबिक, कोलंबियाई वायु सेना के प्रमुख मेजर जनरल कार्लोस फर्नांडो सिल्वा ने बताया कि विमान में 114 सैनिक और 11 क्रू मेंबर सवार थे। यह हादसा पेरू सीमा के पास दक्षिणी अमेजन क्षेत्र के प्यूर्टो लेगुइजामो में हुआ। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सैन्य विमान हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर हादसा है और उम्मीद जताई कि इसमें किसी की जान न गई हो।

पेट्रो ने कहा कि ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए थी और जवानों की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार सेना को मजबूत बनाने और बेहतर सुविधाएं देने पर काम कर रही है, ताकि आगे ऐसे हादसे न हों। पेट्रो ने कहा कि सेना के हथियार और संसाधनों को आधुनिक बनाने का फैसला पहले ही लिया जा चुका है, लेकिन प्रशासनिक देरी के कारण इसे लागू नहीं किया जा सका। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर नागरिक या सैन्य अधिकारी इस चुनौती के अनुरूप काम नहीं कर पाए, तो उन्हें हटाया जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि सेना के लिए नए हेलीकॉप्टर, ट्रांसपोर्ट विमान और एंटी-ड्रोन सिस्टम तुरंत खरीदे जाने चाहिए, ताकि जवानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

हरक्यूलिस दुनिया के सबसे भरोसेमंद सैन्य परिवहन विमानों में से एक है, जिसका इस्तेमाल सैनिकों, हथियारों और राहत सामग्री को पहुंचाने के लिए किया जाता है।

यह विमान कठिन और कच्चे रनवे पर भी उतर सकता है।यह एक बार में भारी सामान, हेलीकॉप्टर, बख्तरबंद गाड़ियां और बड़ी मात्रा में राहत सामग्री ले जा सकता है। इसका इस्तेमाल मेडिकल इमरजेंसी, प्राकृतिक आपदा राहत, आग बुझाने और मौसम की जानकारी जुटाने जैसे कामों में भी होता है। उ-130 हरक्यूलिस एक बार में लगभग 42,000 पाउंड (करीब 19,000 किलोग्राम) तक वजन एयरड्रॉप कर सकता है।






# मुजतबा खामेनेई की मौत नहीं चाहता, ईरान में वेनेजुएला की तरह नई सरकार बनेगी- ट्रम्प


ब्रह्मास्त्र ›› फ्लोरिडा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई की मौत नहीं चाहते। उन्होंने यह भी कहा कि वे नहीं जानते मुजतबा जिंदा है या नहीं।

फ्लोरिडा में पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो सकता है और इस दिशा में एक खास शख्स से बातचीत की जा रही है।

ट्रम्प के मुताबिक, अमेरिका ईरान में नई राजनीतिक व्यवस्था के विकल्पों पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला की तरह कोई नया नेता सामने लाया जा सकता है या फिर अमेरिका के साथ मिलकर जॉइंट लीडरशिप का मॉडल भी अपनाया जा सकता है।

ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान बातचीत के लिए बेकरार है और जल्द समझौता करना चाहता है। उन्होंने कहा कि 5 दिन या उससे कम समय में यह डील हो सकती है।




सोर्स- ईरान रेड क्रिसेंट, ईरान डिफेंस एंड इंटीरियर मिनिस्ट्री
आंकड़े 20 मार्च तक के हैं

### ईरान जंग पर बातचीत को लेकर अब तक क्या-क्या हुआ

**21 मार्च–** ट्रम्प ने ईरान को होर्मुज स्ट्रेट खोलने के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया, ऐसा न करने पर पावर प्लांट्स को निशाना बनाने की धमकी दी।

**23 मार्च–** ईरान ने धमकी दी कि अगर उसके पावर प्लांट्स को निशाना बनाया गया तो, वह भी खाड़ी देशों में पावर प्लांट्स को निशाना बनाएगा।

ट्रम्प ने बताया कि ईरान के पावर प्लांट्स पर 5 दिन के लिए हमला टाल दिया गया है। दोनों देशों में बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया।

ईरान ने किसी भी तरह की बातचीत से इनकार किया और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति तेल की कीमतों को कम करने के लिए ऐसा बोल रहे हैं।

### ईरानी मिसाइल हमले में इजराइल की इमारत क्षतिग्रस्त, एक घायल

ईरान की ओर से मिसाइल दागे जाने के बाद उत्तरी इजराइल में एक इमारत पर हमला हुआ है। इजराइली सेना के मुताबिक, घटना की सूचना मिलते ही सर्च और रेस्क्यू टीमें मौके पर भेजी गई हैं। इमरजेंसी सेवा मैगन डेविड अडोम द्वारा जारी वीडियो में इमारत की ऊपरी मंजिल का हिस्सा क्षतिग्रस्त नजर आ रहा है और आसपास मलबा बिखरा हुआ है। मेडिक्स के अनुसार, करीब 30 साल का एक व्यक्ति मलबे के टुकड़े लगने से हल्का घायल हुआ है। फिलहाल अन्य किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इराक के अनबार प्रांत में पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्स के एक ठिकाने पर हुए हवाई हमले में कई लोगों की मौत हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कम से कम सात लोगों के मारे जाने की आशंका है, जिनमें सीनियर कमांडर भी शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, यह हमला उस समय हुआ जब कमांडर एक बैठक कर रहे थे। हमले में कई अन्य लोग घायल भी हुए हैं। इस हमले के पीछे अमेरिका का हाथ हो सकता है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। रूस की सरकारी परमाणु कंपनी रोसाटॉम ने कहा है कि वह ईरान के बुशेहर न्यूक्लियर पावर प्लांट से अपने और कर्मचारियों को निकाल रहा है। हालांकि कुछ स्टाफ वहां तैनात रहेगा। रोसाटॉम प्रमुख अलेक्सी लिखाचेव ने बताया कि इस हफ्ते की निकासी के बाद प्लांट पर केवल कुछ दर्जन कर्मचारी ही रह जाएंगे।

**प्री. एग्रीकल्चर टेस्ट (PAT) 2026 आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं**

| आवेदन पत्र भरने की तिथि 24.03.2026 से 07.04.2026 तक | ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी | आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि 24.03.2026 से 12.04.2026 तक |
|---|---|---|

| संभावित परीक्षा दिनांक | परीक्षा की पाली | अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय | उत्तर अंकित का समय |
|---|---|---|---|
| 08 मई 2026 से प्रारंभ | प्रथम | प्रात: 07:00 से प्रात: 08:00 बजे तक | प्रात: 09:00 से 12:00 बजे तक (03 घंटे) |
| | द्वितीय | दोपहर 01:00 से दोपहर 02:00 बजे तक | दोपहर 03.00 से 06:00 बजे तक (03 घंटे) |

**आवेदन पत्र भरने की प्रकिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-**

1. परीक्षा के नियम, विभागवार रिक्त पदों की आरक्षण तालिकाएं एवं परीक्षा संचालन नियम से संबंधित विस्तृत नियमपुस्तिका मण्डल की वेबसाइट **www.esb.mp.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट **www.esb.mponline.gov.in** के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. संभावित परीक्षा शहर- भोपाल, इंदौर, जबलपुर, सीधी, उज्जैन, सतना, सागर, रतलाम, नीमच एवं रीवा।
4. प्रवेश परीक्षा शुल्क*

| | |
|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए | रु 500/- |
| केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए | रु 250/- |
| ऑनलाइन आवेदन- कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क | रु. 60/- |
| अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटिजन यूजर के माध्यम से लॉगिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क | रु. 20/- |

**विशेष निर्देश -**


1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, आधार कार्ड, पासपोर्ट, में से काई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यापित (Verify) होने पर ही ई-आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमैट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। अत: जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक है वह परीक्षा दिनांक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों की प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, लॉग टेबल्स, डिजीटल घड़ी, नकल पर्चा एवं sun glasses (धूप का चश्मा) आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मण्डल वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण मण्डल द्वारा नहीं किया जाकर नियुक्ति प्रकिया के दौरान सम्बंधित विभाग द्वारा किया जाता है। अत: कम्प्यूटर आधारित (Online) परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णत: प्रावधिक (Provisional) होगी।

**विशेष नोट -** मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।

विज्ञापन क्र. 107/2026

संचालक
मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल
MADHYA PRADESH EMPLOYEES SELECTION BOARD(MPESB)
'चयन भवन' मेन रोड नं. - 1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल - 462011
Fax : +91-0755-2550498, Website : www.esb.mp.gov.in
म.प्र. माध्यम/125027/2026

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

### ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 22 / 33 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | झे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | चि |
| प्र | ग | ल | न | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सौं | धी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | य | आ | व | त | थि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | र्जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ग्रा | र | अ | प | श |
| व | शि | या | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पिता (बेटे से)- मम्मी कहां गई है तेरी?
बेटा- प्राकृतिक रचना छेड़छाड़ केंद्र
पिता- ये कोई सत्संग का नया सेंटर है क्या?
बेटा- अरे पापा ब्यूटी पार्लर....

0000000000

लड़का- चैटिंग किसे कहते हैं?
लड़की- पता नहीं, तुम ही बताओ
लड़का- जो एक दूसरे का थोबड़ा देखे बिना ही एक दूसरे को पकाते हैं, आधुनिक समाज में उसे ही चैटिंग कहते हैं...

0000000000

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई
गर्लफ्रेंड- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए
बॉयफ्रेंड- चल पगली कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं....

0000000000

गोलू- जल्दी से एक गिलास जूस दो, लड़ाई होने वाली है
एक गिलास जूस पीने के बाद
गोलू- एक गिलास और जूस दो, लड़ाई होने वाली है
जूसवाला- लड़ाई कब होगी?
गोलू- जब तुम पैसे मांगोगे....

0000000000

टीचर- खुशी का कोई ठिकाना ना रहा, का वाक्य प्रयोग कीजिए
मयंक- एक लड़की थी, उसका नाम खुशी था खुशी रात दिन बॉयफ्रेंड से चैट करती थी इस बात से तंग आकर घरवालों ने उसे घर से निकाल दिया बॉयफ्रेंड ने भी नहीं अपनाया अब खुशी का कोई ठिकाना ना रहा.....

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# डिमोना शहर पर हमले से इजराइली डिफेंस की पोल खुली

# 1500 km तय कर पहुंचीं ईरानी मिसाइलें, कैसे फेल हुए THAAD

इजराइल के सबसे सुरक्षित इलाकों में उसका मुख्य परमाणु रिसर्च सेंटर माना जाता है। डिमोना न्यूक्लियर फैसिलिटी नेगेव रेगिस्तान में डिमोना शहर के पास स्थित है। यहां सुरक्षा बहुत कड़ी रहती है और इसे बचाने के लिए कई परतों वाली मिसाइल डिफेंस सिस्टम लगी हुई है। लेकिन शनिवार रात एक चौंकाने वाली घटना हुई। ईरान की दो बैलिस्टिक मिसाइलें इजराइल के एयर डिफेंस को चकमा देकर डिमोना और पास के शहर अराद के रिहायशी इलाकों में गिर गईं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसके लिए मिसाइलों ने 1500 किमी से ज्यादा दूरी तय की ये दोनों हमले करीब तीन घंटे के अंतर से हुए। दोनों हमलों को रोकने में आयरन डोम, डेविड्स स्लिंग, एरो-3 और अमेरिकी डिफेंस सिस्टम ळ्ळअअऊफेल हो गए। इजराइल के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इस हमले में 180 लोग घायल हुए हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर है।

## इजराइल की सुरक्षा कर रहे 4 बड़े डिफेंस सिस्टम

**1 डेविड स्लिंग:** मिडिल रेंज मिसाइल के लिए



**2 आयरन डोम:** रॉकेट्स और आर्टिलरी फायर के लिए



**3 एरो:** लॉन्ग रेंज मिसाइल के लिए



**4 आयरन बीम:** लेजर मिसाइल डिस्ट्रॉयर



## डिमोना में शनिवार रात हुए ईरानी मिसाइल हमलों के बाद रिहायशी इलाके में भारी नुकसान हुआ



### इजराइल ने माना- ईरानी मिसाइलें रोकने में नाकाम रहे

डिमोना में स्थित शिमोन पेरेस नेगेव परमाणु रिसर्च सेंटर को आम तौर पर ह्यडिमोना रिएक्टरह्ण कहा जाता है। माना जाता है कि यहां इजराइल के परमाणु हथियार मौजूद हैं, हालांकि इजराइल ने कभी इसे आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया। यह देश के सबसे सुरक्षित इलाके माना जाता है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह रही कि इजराइली सेना ने खुद माना कि उसने इन मिसाइलों को रोकने की कोशिश की थी, लेकिन वह सफल नहीं हो सकी। ऐसे में यहां हुए हमले से आसपास रहने वाले लोगों में डर फैल गया है। इजराइल का दावा है कि वह ज्यादातर मिसाइलों को रोक लेता है। इजराइली वायुसेना के अनुसार, 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के हमले के बाद से अब तक ईरान 400 मिसाइलें दाग चुका है, जिनमें से 92 प्रतिशत को हवा में ही रोक लिया गया। हालांकि शनिवार रात की यह घटना दिखाती है कि कोई भी सुरक्षा सिस्टम 100 प्रतिशत सुरक्षित नहीं होता। अब जांच की जा रही है कि आखिर ये मिसाइलें इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम को कैसे पार कर गईं। इजराइल के पास कई तरह के एयर डिफेंस सिस्टम हैं। आयरन डोम छोटे रॉकेट रोकने के लिए है। डेविड्स स्लिंग मध्यम दूरी की मिसाइलों के लिए इस्तेमाल होता है।

### इंटरसेप्टर मिसाइलों के स्टॉक खत्म होने की आशंका

एक और बड़ी चिंता यह भी सामने आ रही है कि कहीं इजराइल अपने सबसे महंगे और ताकतवर इंटरसेप्टर मिसाइलों का इस्तेमाल बचाकर तो नहीं कर रहा। पिछले साल ईरान के साथ 12 दिन की लड़ाई में काफी मिसाइलें खर्च हो चुकी थीं, इसलिए स्टॉक कम होने की आशंका जताई जा रही है।

हालांकि इजराइली सेना ने कहा है कि उसके पास पर्याप्त मिसाइलें हैं और वह लंबी लड़ाई के लिए तैयार है। फिर भी अगर युद्ध लंबा चलता है, तो दबाव बढ़ना तय माना जा रहा है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने डिमोन पर हुए हमले की घटना को चमत्कार बताया, क्योंकि इतने बड़े हमले के बावजूद कोई मौत नहीं हुई। उन्होंने लोगों से कहा कि अलर्ट मिलते ही तुरंत बंकर में जाएं और लापरवाही न करें।

इन हमलों में करीब 175 लोग घायल हुए, जिनमें से कम से कम 10 की हालत गंभीर है। कई लोग इसलिए बच गए क्योंकि वे समय रहते बम शेल्टर में पहुंच गए थे।

### कोई भी डिफेंस सिस्मट फुल प्रूफ नहीं

एक्सपर्ट्स के मुताबिक बैलिस्टिक मिसाइल को रोकना बेहद मुश्किल काम होता है। एरो-3 जैसे सिस्टम को सीधे मिसाइल से टकराना पड़ता है, जो ऐसा है जैसे दो गोलियां हवा में टकराएं। अगर मिसाइल रास्ता बदल दे या हवा में हल्का सा बदलाव हो जाए, तो उसे रोकना और मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा कुछ मिसाइलें हवा में ऊपर जाकर कई छोटे हिस्सों में टूट जाती हैं, जिन्हें पूरी तरह रोकना और भी कठिन होता है। इनके टुकड़े भी जमीन पर गिरकर नुकसान पहुंचाते हैं। कुल मिलाकर, यह घटना दिखाती है कि चाहे सिस्टम कितना भी मजबूत क्यों न हो, युद्ध की स्थिति में पूरी सुरक्षा की गारंटी नहीं होती। साथ ही यह भी साफ हो रहा है कि अगर यह संघर्ष लंबा चला, तो इजराइल के लिए अपने संसाधनों को संभालकर इस्तेमाल करना बड़ी चुनौती बन सकता है।

## रिपोर्ट- ईरान से सीजफायर वार्ता करना चाहते हैं ट्रम्प, ईरान की शर्त- पहले मुआवजा दो

डोनाल्ड ट्रम्प की टीम ईरान के साथ सीजफायर पर बात करना चाहते हैं। इस काम में ट्रम्प के सलाहकार जेरेड कुशनर और स्टीव विटकॉफ भी लगे हुए हैं। यह जानकारी एक्सियोस न्यूज ने दी है। हालांकि ईरान ने बातचीत के लिए शर्त रखी है कि पहले जंग रोकी जाए और उसे हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाए। ईरान का यह भी कहना है कि भविष्य में उस पर फिर से हमला नहीं होगा, इसकी पक्की गारंटी मिले। दूसरी तरफ, ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि वे अभी ईरान की सभी शर्तें मानने के लिए तैयार नहीं हैं, खासकर मुआवजे की मांग को। अमेरिका और ईरान के बीच सीधी बातचीत फिलहाल नहीं हो रही है। लेकिन मिस्र, कतर और ब्रिटेन जैसे देश मध्यस्थ का रोल निभा रहे हैं।

अमेरिका चाहता है कि ईरान अपना मिसाइल प्रोग्राम कुछ समय के लिए बंद करे, यूरेनियम एनरिचमेंट रोक दे और अपने परमाणु ठिकानों को भी बंद करे। इसके अलावा, ईरान हिजबुल्लाह और हमास को पैसे देना भी बंद करे। ईरान को लेकर बढ़ते युद्ध के बीच आर्थिक असर को देखते हुए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने आज इमरजेंसी बैठक बुलाई है। सरकार के मुताबिक, इस बैठक में वित्त मंत्री रेचल रीव्स, बैंक ऑफ इंग्लैंड के गवर्नर एंड्रयू बेली, विदेश मंत्री और ऊर्जा मंत्री भी शामिल होंगे। बैठक में परिवारों और कारोबार पर पड़ रहे असर, ऊर्जा सुरक्षा, इंडस्ट्री और सप्लाई चेन की स्थिति, साथ ही अंतरराष्ट्रीय हालात पर चर्चा की जाएगी। यह बैठक फॉर्मेट में हो रही है, जो संकट के समय बुलाई जाती है।



■ वर्ष-12 अंक-139 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 24 मार्च, 2026

## सुभाषितानि

ददाति प्रतिगृह्णाति गुह्यमाख्याति पृच्छति।
भुङ्क्ते भोजयते चैव षड्विधं प्रीतिलक्षणम्।।

**भावार्थ** : लेना, देना, खाना, खिलाना, रहस्य बताना और सुनना ये सब प्रेम के 6 लक्षण हैं।

प्रदोषे दीपक रू चंद्ररू, प्रभाते दीपकरूरविरू।
त्रैलोक्ये दीपकरूधर्मरू, सुपुत्ररू कुलदीपकरू।।

**भावार्थ** : संसार के चक्र में चन्द्रमा संध्या (शाम) को दीपक के समान और सूर्य प्रातः (प्रभात) के दीपक के समान है, और धर्म तीनों लोकों में दीपक है केवल पुत्र ही है।

## सम्पादकीयम्

# एकस्मिन् नाइटक्लबे

अस्मिन् क्लबे एतेषां अभावः दृश्यते, येन बहवः जनाः पाकशालायां भ्रमन्ति, यत्र निर्गमः नासीत अयं नाइटक्लबः अनुज्ञापत्रं विना एव प्रचलति स्म। स्थानीयाधिकारिणः मते अस्य निमार्णं अवैधम् आसीत्। तथैव प्रमादः अन्वेषणं प्रचलति, यदि असंख्यानि अनियमितानि उल्लङ्घनानि च प्रकाश्यन्ते तर्हि आश्चर्यं न भविष्यति। सुरक्षामानकानां विषये विशेषतः अग्निसुरक्षाविषये एषा प्रमादः सामान्या अस्ति। अस्मिन् वर्षे मेमासे हैदराबादस्य गुलजारहौजक्षेत्रे आवासीयभवने अग्निना १७ जनाः मृताः। तत्र मृतानां अधिका संख्या अपि तदेव कारणानि इति उक्तवती यत संकीर्णमार्गाः, वायुप्रवाहस्य अभावः च। विलम्बेन जागरणम् : अधुना सर्वेषां गदानां निरीक्षणस्य चर्चा अस्ति, परन्तु दुर्घटना न प्रतीक्षितव्या। मानकानां सुरक्षापरिपाटानां च नियमितरूपेण जाँचः अधिकारिणां दायित्वम् अस्ति। अनुज्ञापत्रं विना कार्यं कुर्वन्तः क्लबाः, होटेलाः, भोजनालयाः च बन्दीकरणेन सह, ते कथं उद्घाट्यन्ते, ततः एतावत् प्रमादेन कार्यं कुर्वन्ति इति अवगन्तुम् अपि महत्त्वपूर्णम् अस्ति पर्यटनस्य क्षतिः : गोवा-देशस्य सकलराष्ट्रीयउत्पादे पर्यटनस्य १६% अधिकं योगदानं भवति। सर्वकारीयतथ्यानुसारं गतवर्षस्य तुलने अस्मिन् वर्षे जनवरीतः सेप्टेम्बरमासपर्यन्तं ६.२३% अधिकाः पर्यटकाः गोवानगरं गतवन्तः।

### असमस्य मुख्यमन्त्री हिमन्तविश्वसरमा दतियायाः

# पीताम्बरापीठे प्रार्थनां, भाजपायाः निर्वाचनविजये विश्वासं प्रकटयति



ब्रह्मास्त्र ›› दतिया

सोमवासरे हिमन्तविश्वसर्मा दतियानगरस्य प्रसिद्धं बागलामुखीमन्दिरं गत्वा प्रार्थनां कृत्वा भगवतः आशीवार्दं याचितवान्। असमस्य मुख्यमन्त्री मध्यप्रदेशस्य भ्रमणकाले अस्मिन् धार्मिककार्यक्रमे तस्य सहभागिता स्थानीयजनानाम् मध्ये पर्याप्तं उत्साहं जनयति स्म। मन्दिरसङ्कुलं प्राप्ते भारतीयजनतापक्षस्य कार्यकर्तृभिः स्थानीयसामाजिकसंस्थानां प्रतिनिधिभिः च पुष्पमालाभिः स्वागतं कृतम्। तदनन्तरं सः राष्ट्रस्य राज्यस्य च शान्तिं समृद्धिं च प्रार्थयन् पारम्परिकविधिना पीताम्बरपीठे प्रार्थनां कृतवान्।

मन्दिरस्य भ्रमणकाले सः परिसरस्य अन्तः स्थितानां अन्येषां प्राचीनधर्मस्थलानां अपि भ्रमणं कृतवान्। अस्मिन् भ्रमणकाले सः वनखण्डेश्वरमहादेवमन्दिरं गतवान्, यत्र वैदिकमन्त्राणां जपस्य मध्यं शंकरस्य कृते जलाभिषेक (संस्कारात्मकजलप्रदानम्) अकरोत्। मन्दिरस्य पुरोहिताः पारम्परिकरीत्यानुसारं पूजासमारोहस्य संचालने तस्य सहायं कृतवन्तः। अस्मिन् अवसरे वदन् सरमा टिप्पणीं कृतवान् यत् देशस्य प्राचीनधार्मिकस्थलानां भ्रमणेन आध्यात्मिकशक्तिः प्राप्यते, भारतीयसंस्कृतेः समृद्धपरम्पराणां प्रमाणरूपेण च कार्यं करोति।

माध्यमैः सह संवादं कुर्वन् असमस्य मुख्यमन्त्री विविधराजनैतिकविषयेषु अपि स्वविचारं साझां कृतवान्। सः अवदत् यत् भारतीयजनतापक्षः निर्वाचनार्थं सर्वदा सज्जः भवति, दलस्य संगठनात्मकयन्त्राणि च जनसमूहेषु निरन्तरं कार्यं कुर्वन्ति। सः भाजपायाः प्राथमिकं उद्देश्यं यत् सर्वकारीययोजनानां लाभः समाजस्य अन्तिमव्यक्तिपर्यन्तं प्राप्नुयात् इति बोधयति स्म। सरमा विश्वासं प्रकटितवान् यत् आगामिनिर्वाचने भाजपा जनसमर्थनं निरन्तरं प्राप्स्यति, असमदेशे पुनः एकवारं दलं सर्वकारं निर्मास्यति इति।

सः अपि अवदत् यत् देशस्य विभिन्नेषु राज्येषु दलं स्वस्य संगठनात्मकं उपस्थितिं सुदृढं कर्तुं अथकं कार्यं कुर्वन् अस्ति। आगामिनिर्वाचनस्य उल्लेखं कृत्वा सरमा इत्यनेन पुष्टिः कृता यत् भाजपा पश्चिमबङ्गादिराज्येषु प्रबलतया प्रतिस्पर्धां करिष्यति, तत्र अपि दलस्य विजयस्य ध्वजं उत्थापयितुं प्रयतते इति। तस्य एतत् वचनं राजनैतिकदृष्ट्या महत्त्वपूर्णं दृश्यते, यतोहि निकटभविष्यत्काले अनेकेषु राज्येषु निर्वाचनं भविष्यति। अतः पूर्वं मुख्यमन्त्री हिमन्तविश्वसर्मा अपि असमान्तर्गतविकासपरिकल्पनेषु सक्रियरूपेण संलग्नः दृश्यते स्म। अद्यैव सः राज्यस्य बराक-उपत्यकाक्षेत्रे अनेकानाम् विकासपरियोजनानां उद्घाटनं कृत्वा आधारशिलास्थापनं कृतवान्, यस्य मूल्यं प्रायः 340 कोटिरूप्यकाणां।

### जबलपुरस्य महिलागृहे

# मद्यस्य विशालः सञ्चयः ज्ञातः

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

मध्यप्रदेशस्य जबलपुरस्य बेल्खेडाक्षेत्रे स्थिते गुबराकालाग्रामे आबकारीविभागस्य दलेन एकस्याः महिलायाः गृहे छापामारी कृत्वा २८ लक्षरूप्यकाणां अवैधमद्यं जप्तम्। शङ्का अस्ति यत मद्यस्य दुकानानां वर्तमानस्य अनुबन्धकालस्य ३१ मार्च दिनाङ्के समाप्तेः पूर्वं अवैधरूपेण अस्य मद्यस्य भण्डारस्य अवरोहणस्य सज्जता प्रचलति स्म। पुलिसैः महिलां गृहीत्वा प्रश्नोत्तरं आरब्धम् अस्ति।

आबकारी आयुक्तस्य निदेर्शानुसारं कार्यं कुर्वन् सम्प्रति पुलिस मद्यस्य अवैधविक्रये सम्बद्धानां व्यक्तिनां विरुद्धं विशेषं अभियानं चालयति इति ज्ञातम्। फलतः विभागाय गुप्तचरसूचना प्राप्ता यत् बेल्खेडाक्षेत्रस्य अन्तः गुबराकालाग्रामे एकस्य गृहस्य अन्तः अवैधमद्यस्य विशालः भण्डारः सञ्चितः अस्ति, यत्र मण्डलस्य विभिन्नेषु भागेषु वितरितुं योजना अस्ति एतां सूचनां प्राप्य नियन्त्रणकक्षस्य प्रभारी परमानन्दकोर्चे इत्यस्य नेतृत्वे एकः दलः तत्क्षणमेव घटनास्थलं प्राप्तवान्। स्थाने उपस्थिता महिला गीताबाई दुबे इति नाम्ना परिचिता, प्रारम्भे दलस्य गृहे प्रवेशं निवारयितुं प्रयतते स्म; तथापि यदा अधिकारिणः दृढतया आग्रहं कृत्वा प्रवेशं प्राप्तवन्तः तदा ते अन्तः अभिनन्दितं दर्शनं दृष्ट्वा विस्मिताः अभवन्। अन्वेषणकार्यक्रमे गीताबाई इत्यस्य निवासस्थानात् अवैधमद्यस्य विशालः सञ्चयः बरामदः अभवत्। अस्य अभियानस्य परिणामेण कुलम् ५,४९९ बल्क लीटर मद्यस्य जब्धः अभवत्, यस्मिन् 'देसी मदिरा मसाला' (मसालेयुक्तदेशमद्यः) इत्यस्य ३४५ प्रकरणाः, 'देसी मदिरा मैदानस्य' (सादादेशस्य मद्यस्य) २६६ प्रकरणाः च सन्ति आबकारीविभागस्य अनुसारं जब्तस्य मद्यस्य अनुमानितं।

# काङ्ग्रेस-पार्षदस्य पुत्रस्य विरुद्धं प्रकरणं दाखिलम् इति विषये

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

ओमटीपुलिसस्थानस्य अधिकारक्षेत्रे अद्यैव पञ्जीकृतस्य प्रकरणस्य अनन्तरं नगरे राजनैतिकसामाजिक अशान्तिः तीव्रता अभवत्। काङ्ग्रेस-पार्षदस्य पुत्रयोः शेन्की सोनकरस्य ओम सोनकरस्य च विरुद्धं 'आदिबाजी'-अर्थात् रंगदारी-इत्यस्य आरोपानाम् उपरि विवादः गभीरः भवति। प्रकरणं कल्पितम् इति उक्त्वा काङ्ग्रेसनेतारः, परिवारस्य सदस्याः, स्थानीयनागरिकाः च निष्पक्षजागृतेः आग्रहं कृत्वा ज्ञापनपत्रं प्रस्तूय पुलिसाधीक्षकस्य (एसपी) कार्यालयं गतवन्तः। सोमवासरे काङ्ग्रेसकार्यकर्तारः स्थानीयजनाः च सपाकार्यालये एकत्रिताः अभवन्, तत्र ते पुलिसप्रशासनस्य विरुद्धं स्वस्य आक्रोशं प्रकटितवन्तः। आन्दोलनकारिणः प्रतिपादितवन्तः यत् एषः प्रकरणः सर्वथा मिथ्या, राजनैतिकदुर्भावनाप्रेरितः च अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : निजी और पेशेवर जीवन में परेशानियों से दूर रहें। अपने करियर के प्रति आपकी मेहनत सकारात्मक परिणाम देगी।

**वृषभ** : प्रतिभा को दिखाने के लिए मोटिवेटेड महसूस कर सकते हैं। संतुलित दृष्टिकोण तनावपूर्ण सिचुएशन में शांति ला सकता है।

**मिथुन** : आसान योजनाएं शांति लाती हैं। नए कनेक्शन और रचनात्मक विचारों को बढ़ावा दें। दिन का आनंद लेंगे।

**कर्क** : आप मौज-मस्ती और काम को आसानी से कर सकते हैं। छोटी-छोटी बातें मन को खुश करती हैं।

**सिंह** : आज आपका आत्मविश्वास जीवन के हर हिस्से में पॉजिटिव एनर्जी को आकर्षित करता है।

**कन्या** : लव के मामले में छोटी-मोटी दिक्कतें आ सकती हैं। अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों पर भी अधिक ध्यान देने की आवश्यकता होगी।

**तुला** : आज दिन बदलाव लेकर आया है। आप इस बात से अधिक अवगत हैं कि क्या मायने रखता है।

**वृश्चिक** : दफ्तर में प्रदर्शन अच्छा रहेगा। आपकी वित्तीय स्थिति अच्छी रहेगी, कुछ छोटी-मोटी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती हैं।

**धनु** : सबकुछ ठीक-ठाक होता हुआ प्रतीत हो सकता है। धन और स्वास्थ्य में शांतिपूर्ण सफलता और अधिक स्पष्टता लाते हैं।

**मकर** : आज के दिन फाइनेंशियल डिसीजन क्लियर हो सकते हैं और आपकी एनर्जी में सुधार हो सकता है।

**कुंभ** : आज का दिन दूसरों के साथ विचारशील तरीकों से कनेक्ट करने के अवसरों से भरा है।

**मीन** : आज के दिन आज एक खुशहाल, प्यार भरा रिलेशन बनाए रखें, अहंकार और मनमुटाव से मुक्त रहिए।

## ज्योतिष/वास्तु

# बुध-चंद्रमा के बीच बना त्रिएकादश योग, इन तीन राशियों का चमकेगा भाग्य

बुध-चंद्रमा के बीच त्रिएकादश योग बन रहा है, जो विशेष रूप से मेष, मिथुन और कुंभ राशि के जातकों के लिए यह समय लाभकारी साबित हो सकता है। आइए विस्तार से जानते हैं इस खास योग से इन राशियों के जीवन में क्या बदलाव देखने को मिलेंगे।

21 मार्च 2026 को चंद्रमा अपनी राशि परिवर्तन करते हुए मीन से निकलकर मेष राशि में प्रवेश कर चुके हैं। चंद्रमा के इस बदलाव का प्रभाव कई राशियों पर देखने को मिलेगा। खास बात यह है कि इस दौरान कुंभ राशि में स्थित बुध के साथ चंद्रमा का एक विशेष ज्योतिषीय संयोग बनेगा, जिसे त्रिएकादश योग कहा जाता है। यह योग तब बनता है जब दो ग्रह एक-दूसरे से तीसरे और ग्यारहवें भाव में स्थित होते हैं। इस शुभ योग के प्रभाव से कुछ राशियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आने की संभावना है। ऐसे में आइए जानते हैं कि यह विशेष योग किन राशियों के लिए लाभकारी साबित होने वाला है।



**मेष राशि–** मेष राशि के लिए यह गोचर आत्मविश्वास और प्रगति का संकेत लेकर आ रहा है। चंद्रमा आपके प्रथम भाव में स्थित होंगे, जबकि बुध लाभ भाव में रहेंगे। इस स्थिति के कारण आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा और आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिल सकते हैं और आपकी मेहनत का फल भी मिलने की संभावना है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और आय के नए स्रोत बन सकते हैं। जो लोग नौकरी की तलाश कर रहे हैं, उन्हें अच्छी खबर मिल सकती है। प्रभावशाली लोगों से संपर्क बनने के योग हैं, जो आगे चलकर फायदेमंद साबित होंगे।

**मिथुन राशि –** मिथुन राशि के जातकों के लिए भी यह योग शुभ संकेत दे रहा है। बुध आपकी राशि के स्वामी हैं और वर्तमान में भाग्य भाव में स्थित हैं, जबकि चंद्रमा लाभ भाव में गोचर करेंगे। इस कारण आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। विशेष रूप से शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों को सफलता मिल सकती है। कार्यस्थल पर आपके काम की सराहना होगी और वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। भाग्य का साथ मिलने से कई रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। सेहत में भी सुधार के संकेत हैं, जिससे आप मानसिक और शारीरिक रूप से बेहतर महसूस करेंगे।

**कुंभ राशि –** कुंभ राशि के लोगों के लिए यह योग बौद्धिक विकास और प्रगति का समय लेकर आएगा। बुध पहले से ही आपकी राशि में मौजूद हैं और चंद्रमा के साथ बनने वाला यह संबंध आपकी सोचने-समझने की क्षमता को मजबूत करेगा। आप अपने विचारों और तर्कों के दम पर दूसरों को प्रभावित कर पाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी और आपको नई जिम्मेदारियां सौंपी जा सकती हैं। यात्रा के योग भी बन रहे हैं, जो आपके लिए लाभकारी साबित हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में भी सुधार होगा और धन से जुड़े मामलों में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। वैवाहिक जीवन में भी तालमेल बेहतर रहेगा और रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी।

## खबर एक नजर...

### चाकू मार महिला को दी जान से मारने की धमकी

**उज्जैन।** आगररोड स्थित सांवरिया किराना दुकान के सामने से गुजर रही अलकमा पति फिरोज अंसारी 19 साल निवासी विराटनगर को गुलमोहर कालोनी में रहने वाले अल्फेज और उसके 2 साथियों ने रोका और चाकू जैसी नुकीली वस्तु से मारा। अल्फेज ने महिला को जान से मारने की धमकी दी और भाग निकला। घायल अलकमा को देख लोगों ने उसके परिजनों को सूचना दी। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस ने अलकमा के बयान दर्ज कर अल्फेज और उसके 2 साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। चिमनगंज थाना पुलिस के अनुसार फिलहाल महिला के साथ हुई घटना का कारण सामने नहीं आया है। घायल महिला भी कुछ नहीं बता पा रही है। आरोपी अल्फेज के हिरासत में आने पर धारदार वस्तु से मारने की वजह सामने आ पायेगी।

### रिश्तेदारों के मिलने पर मृतक का हुआ अंतिम संस्कार

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन के सामने 3 दिन पहले वृद्ध बीमार हालत में मिला था। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। देवासगेट पुलिस ने मर्ग कायम कर उसकी पहचान के प्रयास शुरू किये। क्षेत्र में मृतक का फोटो दिखाकर पूछताछ शुरू की गई। इंदौरगेट पर कुछ लोगों ने बताया कि मुन्ना भोई है। सालों पहले पत्नी की मौत हो चुकी है, किराये से रहता था मजदूरी करता था, लेकिन बीमारी के चलते भिक्षावृति करने लगा था। एक बेटी है जिसकी शादी हो चुकी है, उसका पता नहीं है। प्रधान आरक्षक सुमित सोनाने ने मृतक का नाम सामने आने पर उसके समाजजनों से संपर्क किया। मांझी समाज की धर्मशाला पहुंच अध्यक्ष से चर्चा की, समाज अध्यक्ष ने दूर के रिश्तेदारों की जानकारी दी। प्रधान आरक्षक आगर नाके पहुंचा और रिश्तेदार बाबूलाल रायकवार को जानकारी दी। रिश्तेदारों ने अंतिम संस्कार की बात कहीं और पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचे। सोमवार दोपहर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव रिश्तेदारों को सौंपा। प्रधान आरक्षक के अनुसार अगर रिश्तेदारों की जानकारी नहीं मिलती तो शव का दफनाना पड़ता। लेकिन प्रयास करने की वजह से मृतक का विधि अनुसार अंतिम संस्कार हो गया।

### हम्माली कर लौट रहे युवक पर बदमाश ने किया हमला

**उज्जैन।** कोर्ट चौराहा बड़नगर में रविवार रात अनाज मंडी से हम्माली कर लौट रहे निर्मल पिता सुन्दरलाल चौहान 29 साल को क्षेत्र के बदमाश राहुल परमार ने रोक लिया और शराब के लिये रुपयों की मांग करने लगा। निर्मल ने रुपए देने से मना किया तो बदमाश ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। घायल को उपचार के लिये बड़नगर अस्पताल लाया गया। जहां से उपचार के लिये उज्जैन रैफर किया गया। मामले में बड़नगर पुलिस ने बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है।

### पहले टक्कर मारी, फिर बाइक में की तोड़फोड़

**उज्जैन।** तराना के ग्राम करंज में पेट्रोल पंप के सामने तेजगति से आ रहे बाइक सवार युवक ने दूसरी बाइक पर सवार चेतन पिता विनोद जावा निवासी वाल्मिकी कालोनी को टक्कर मार दी। चेतन गिर गया उसे चोंट लगी। उसने बाइक सवार को देखकर गाड़ी चढ़ाने की बात कहीं तो उसने चेतन को गाली-गलौच करते हुए उसकी बाइक को पत्थरों से मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। आसपास के लोगों ने घटनाक्रम देखा तो एकत्रित हो गये। टक्कर मारने और बाइक क्षतिग्रस्त करने वाला भाग निकला। तराना पुलिस ने मामले में चेतन की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 399-1 | 278-7 |
| मेन बाजार | 130-4 | 678-1 |
| मिलन डे | 680-4 | 100-1 |
| मिलन नाइट | 158-4 | 158-4 |

1 5 6

### आसपास की 2 दुकाने भी लपटों से घिरी, लाखों का नुकसान

# शार्ट सर्किट के बाद फर्नीचर कारखाने में लगी भीषण आग





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन। आगररोड खिलचीपुर में सोमवार देर शाम शार्ट सर्किट के बाद फर्नीचर कारखाने में भीषण आग लग गई। लपटे काफी तेजी से फैली और आसपास की 2 दुकाने भी चपेट में आ गई। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के खिलचीपुर में लाइफ स्टाइल फर्नीचर का कारखाना संचालित होता है। जिसके आसपास डेंटिंग पेंटिंग की दुकाने भी बनी हुई है। शाम 7.30 बजे के लगभग कारखाने के पास बिजली के पोल पर लगे मीटर में शार्ट सर्किट हुआ और चिंगारी फर्नीचर कारखाने पर गिरी, जो बंद था, कारखाने में सोफा बनाने का फॉम रखा था, जिससे तेजी से आग पकड़ ली। कुछ पल में आग ने पूरे कारखाने को अपनी चपेट में ले लिया। आग समीप 2 डेंटिंग पेंटिंग और वेल्डिंग की दुकानों तक भी पहुंच गई। आग का विकराल रूप देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की खबर मिलते ही नगर निगम फायर ब्रिग्रेड विभाग की आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान फर्नीचर कारखाना पूरी तरह से स्वाहा हो चुका था। जहां अलमारी, सोफे, बेड़ और फर्नीचर से बने अन्य घरेलू सामान रखे थे। कारखाने में आग लगने की खबर मिलते ही एजाज खान मौके पर पहुंच गये थे। उन्होने बताया कि कारखाना साजिदा कुरैशी के नाम से है। जिसका संचालक भाई द्वारा किया जाता है। उनकी दुकान एटलस चौराहा पर लाइफ स्टाइल नाम से है। कारखाने में सोफा, अलमारी, बेड का निर्माण किया जाता था। एजाज के अनुसार आगजनी में करीब 1 करोड़ के लगभग का नुकसान हुआ है। ईद के चलते 2 दिनों से कारखाना बंद था।

**इनका कहना-** आग लगने की वजह शार्ट सर्किट होना सामने आया है। एक से डेढ़ घंटे में फायर ब्रिग्रेड की 8 से 10 दमकलों ने आग पर काबू पा लिया था। आगजनी में नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। शिकायत मिलने पर आगे की जांच की जायेगी।

**लक्ष्मण उईके, एसआई चिमनगंज थाना**

### इनकी दुकानें भी आग की चपेट में आई

फर्नीचर कारखाने की आग पास में वेल्डिंग की दुकान संचालित करने वाले विरेन्द्र दरबार और डेंटिंग पेंटिंग की दुकान संचालित करने वाले अय्युब खान के यहां तक पहुंच गई थी। उन्होने पहले खुद आग बुझाने के प्रयास किये, लेकिन विकराल हो चुकी आग पर काबू पाना नामुकिन हो चुका था। गनीमत रही बड़ी जनहानि नहीं हुई। आगजनी की खबर मिलते ही चिमनगंज थाना एसआई लक्ष्मण उईके टीम के साथ पहुंच गये थे। इस दौरान मीटर में शार्ट सर्किट होने पर क्षेत्र में अंधेरा छा गया था।

### गाड़ी हटाने पर कुछ युवकों के झुलसे हाथ

तेजी से फैल रही आग के दौरान डेंटिंग पेंटिंग की दुकान पर बाइके खड़ी थी। वही आसपास भी 15 से 20 बाइक खड़ी होने पर आसपास की दुकानों पर काम करने वाले युवकों ने बाइक हटाने के प्रयास शुरू किये। इस दौरान 4-5 युवकों के हाथ भी झुलस गये, लेकिन किसी के साथ बड़ी जनहानि नहीं हुई। डेंटिंग पेंटिंग का काम करने वाले मंगेश बाथम ने बताया कि अगर बाइके नहीं हटाई जाती तो उन्हे भी काफी नुकसान हो जाता।

# प्रेम प्रसंग में जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक की मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

प्रेमिका के दूसरे युवक से बात करने से नाराज युवक ने रविवार रात जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। सोमवार सुबह युवक की मौत हो गई।

गंभीर डेम क्षेत्र के ग्राम अम्बोदिया के समीप रहने वाले चंदर पिता भागीरथ चौहान 24 साल को रविवार रात परिजन गंभीर हालत में चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। चंदर ने जहरीला पदार्थ खाया था। उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती किया। लेकिन सोमवार सुबह चंदर की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि चंदर ने जहर खाने के बाद हालत बिगड़ने पर अपनी मां शानूबाई को बताया था। चंदर मजदूरी करता था और अविवाहित था, बताया जा रहा है कि उसका किसी युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उक्त युवती दूसरे युवक से बातचीत करने लगी थी। जो चंदर का अच्छा नहीं लगा था। उसका युवती से विवाद हुआ था, जिसके बाद उसने ऐसा कदम उठाया। पुलिस के अनुसार परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें और मामले की जांच शुरू की जायेगी। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिये सौंपा गया है।

### राजेन्द्र नगर में हुई थी वारदात, 3 हिरासत में 1 फरार

# पुलिस को कैमरों की मदद से मिला लूट में शामिल नाबालिगों का सुराग

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

राजेन्द्रनगर में 15 मार्च की रात 3 बजे हुई लूट की वारदात में शामिल नाबालिगों का सुराग पुलिस ने कैमरों की मदद से लगा लिया। 3 को हिरासत में लिया गया है। चौथे साथी की तलाश जारी है।


न्यू इंदिरानगर शांतिनगर के पास रहने वाले रमेशचंद्र पिता गेंदालाल जैन 65 साल राजेन्द्र नगर चौराहा पर जैन कैफे एव्हरफ्रेश की दुकान चलाते है। वह प्रतिदिन रात ढाई बजे दुकान पहुंचकर चाय-नाश्ता बनाने की तैयारी करते है। 15 मार्च को भी दुकान पहुंचे थे। रात 3 बजे के लगभग दुकान पर एक बाइक से 4 युवक आये और सिगरेट मांगी, रमेशचंद्र ने सिगरेट दी, उसी दौरान चारों ने उनका मुंह दबा दिया और उनके पास रखे 20 हजार रुपए लूटकर भाग निकले। बदमाशों द्वारा की गई लूट की सूचना वृद्ध रमेशचंद्र ने परिवार को दी, परिजनों के दुकान पहुंचने के बाद पुलिस को अवगत कराया गया। चारों बदमाश अज्ञात थे, पुलिस ने सुराग तलाशने के लिये क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। बदमाशों के भागने का रूट ट्रेस किया गया। बाइक नम्बर सामने आते ही शांतिनगर में रहने वाले 2 युवकों को रविवार-सोमवार रात हिरासत में लिया गया। दोनों नाबालिग होना सामने आये। पूछताछ करने पर दोनों ने अपने 2 साथियों के साथ लूट करना कबूल कर लिया। सोमवार दोपहर पुलिस ने उनके तीसरे साथी को भी हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि लूट में शामिल चौथे साथी की तलाश जारी है। जल्द उसे भी कस्टडी में लिया जायेगा। फिलहाल हिरासत में आये तीनों नाबालिगों से रुपए बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं लूट में प्रयुक्त बाइक भी जप्त की जायेगी। मंगलवार को कोर्ट पेश कर बाल संप्रेक्षणगृह भेजा जा सकता है।

# हिरासत में आया लाखों के कैमरे हड़पने वाला युवक

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

फोटोग्राफर एसोसिएशन के सदस्यों ने 3 दिन पहले किराये पर लाखों के कैमरे हड़पने वाले युवक की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई थी। सोमवार को पुलिस ने उक्त युवक को हिरासत में ले लिया। जिससे 7.50 लाख के कैमरों के साथ 2.75 लाख के अन्य उपकरण बरामद किये गये है।






माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि 3 दिन पहले ग्राम भैंसादा में रहने वाले कृपाल पिता बाबूलाल सोलंकी ने फोटोग्राफर एसोसिएशन सदस्यों के साथ थाने आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि 1 मार्च को विनायक कैफे के पास उससे अवंतिपुरा में रहने वाले रजत पिता दीपचंद बडवाया ने 2 दिनों के लिये 3 कैमरे शादी समारोह में वीडियोग्राफी के लिये किराये पर लिये थे। लेकिन अब तक नही लौटाये। कैमरे 7.50 लाख कीमत के है। मामले में अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया। वहीं रजत की तलाश के लिये एसआई सालगराम चौहान, आरती डाबर, प्रधान आरक्षक रवि शर्मा, आरक्षक संजय बिजापरी और सुभाष की टीम गठित की गई। सोमवार को रजत को पाड्याखेड़ी ब्रिज के पास से हिरासत में लिया गया। जिससे पूछताछ के बाद तीनों कैमरों के साथ एक अन्य कैमरा और चार्जर एसेसरीज बरामद की गई है। जिसकी कीमत 10.25 लाख रुपए है। आरोपित युवक को सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

### ऑनलाइन गेम खेलने का आदी है रजत

थाना प्रभारी के अनुसार कैमरे हड़पने वाला ऑनलाइन गेम खेलने का आदी है। उस पर गेम खेलने के दौरान कर्ज हो गया था। जिसके चलते उसने कैमरे हड़पने की साजिश रची थी। उसके द्वारा क्षतिग्रस्त कैमरों को ठिकाने लगाने का प्रयास किया जा रहा था। कृपाल सोलंकी के साथ एक अन्य फोटोग्राफर का कैमरा भी किराये पर फोटोग्राफी करने के नाम पर हड़प चुका था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com